दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 29 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 465

संक्षिप्त खबरें ।

दूसरे चरण के मतदान खत्म होने के बाद तेजस्वी यादव ने कसा पीएम मोदी पर तंज

लोक तंत्र की आवाज

पटना। बिहार लोकसभा के दूसरे चरण की पांच सीटों पर मतदान हो गए हैं. मतदान होने के बाद फ्खऊ ने सभी सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है. इसी बीच बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ढट मोदी पर तंज कसा है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर निशाना निशानाः मतदान खत्म होने के बाद तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया था. इस पोस्ट में उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में लिखा, दो चरणों के चुनाव के बीच ही प्रधानमंत्री ने अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाना बंद कर दिया है। इसी बीच राजद के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों से अभी तक सकरात्मक जानकारी सामने आई है. महागठबंधन के उम्मीदवार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी मतों के अंतर से चुनाव में जीत हासिल करने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा कि जदयू के प्रदेश कार्यालय में बांका, भागलपुर, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज के एक–एक बूथ पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सकरात्मक फीडबैक दिया है. इससे साफ हैं कि महागठबंधन जीत की ओर आगे बढ़ रहा है. महागठबंधन को सभी वर्गों का साथ मिल रहा है. मतदाताओं ने सीधे तौर पर विपक्षी उम्मीदवारों को खारिज कर दिया है।

58 प्रतिशत से अधिक हुई वोटिंगः दूसरे चरण में 93.96 लाख से ज्यादा मतदाताओं के मतदान के लिए 9322 मतदान केंद्र बनाए गए थे. दूसरे चरण के चुनाव में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ है. राज्य निर्वाचन विभाग के मुताबिक शुक्रवार को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया. कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने बताया कि दूसरे चरण में शाम छह बजे तक 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ है. सबसे ज्यादा कटिहार में 64.6 प्रतिशत मतदान हुआ है.

कांग्रेस के साहबजादे के विदेश दौरे का पता चल गया राज...' पीएम का राहुल गांधी पर प्रहार

लोक तंत्र की आवाज

पणजी (गोवा)। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर लगातार हमलावर हैं. इसी कड़ी में पीएम मोदी ने अब राहुल गांधी के विदेश दौरे को लेकर प्रहार किया है. उन्होंने दक्षिण गोवा में आयोजित एक चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस के साहबजादे (राहुल गांधी) के विदेश दौरे का राज पता चला गया है. वह विदेश से एक्सरे मशीन लाए हैं, जिससे देशवासियों की संपत्ति की जांचकर अपने पसंदीदा वोट बैंक को देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने संपत्ति बंटवारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, 'कांग्रेस के शहजादे आपकी संपत्ति तलाश कर उन लोगों को बांटना चाहते हैं, जिनका पार्टी ने देश के संसाधनों पर पहला हक बताया था.' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस विरासत कर लगाना चाहती है और लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है. ऐसे लोगों को सत्ता में आने का थोड़ा सा भी मौका नहीं मिलना चाहिए.' उन्होंने कहा, 'आप सभी जानते हैं कि कांग्रेस का पसंदीदा वोट बैंक कौन है. कांग्रेस आपको जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी लूटेगी।

'5 साल में 5 प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लागू करना है कांग्रेस': प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके साथ ही कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सत्ता में आने की स्थिति में पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने पर विचार कर रहा है. पीएम मोदी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक चुनावी रैली में कहा कि विपक्षी गठबंधन तीन अंकों के आंकड़े या सरकार बनाने के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच सकता।

पीएम मोदी कहा, 'वे 'एक साल, एक प्रधानमंत्री' के फार्मूले (को लागू करने पर) पर सोच रहे हैं. यदि उन्हें पांच साल के लिए सत्ता में आने का मौका मिला तो (पांच साल में) पांच प्रधानमंत्री होंगे. लेकिन देश ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा जो पांच साल के लिए पांच प्रधानमंत्रियों को थोपने का सपना देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'कर्नाटक में कांग्रेस ने बारी–बारी से मुख्यमंत्री का पद 2.5 साल के बाद उपमुख्यमंत्री को सौंपने की योजना बनाई है. उसके पास छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी यही योजना थी.' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस यह खेल वहां खेल रही है।

पीएम मोदी ने किया फुटबॉल गोल का जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने फुटबॉल के खेल में होने वाले गोल का जिक्रकरते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 2–0 से आगे चल रहा है. उन्होंने कहा, 'कोल्हापुर को फुटबॉल हब के रूप में जाना जाता है. दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के साथ, मैं कहूंगा कि एनडीए 2–0 से आगे चल रहा है, जबकि भारत विरोधी नीतियों और नफरत की राजनीति में।

कांग्रेस नेता अलका लांबा ने रावण से की पीएम की तुलना, बोलीं-रावण ने सीता का हरण किया और मोदी ने....

लोक तंत्र की आवाज

भिलाई। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा आज भिलाई पहुंची है। कांग्रेस नेता अल्का लांबा ने मोदी की तुलना रावण से की और कहा, रावण ने सीता हरण का हरण किया और मोदी ने किया गरीबों, मजदूरों के अधिकारों का हनन किया।

7 मई को होने वाले तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी माहौल धीरे–धीरे गर्माते जा रहा है। दूसरे चरण के मतदान होने के साथ–साथ अब कांग्रेस और बीजेपी के तमाम स्टार प्रचारक अब दुर्ग लोकसभा पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में भिलाई के सेक्टर 10 के गुंडिचा मंडप में अलका लांबा ने कांग्रेस के प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। वहीं केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। अलका लांबा ने केंद्र की मोदी सरकार की तमाम योजनाओं को असफल बताते हुए कहा कि पीएम मोदी और भाजपा केवल एक ही रंग के लिए वोट मांगते हैं जबकि कांग्रेस तीन रंगों से बने तिरंगा के लिए वोट मांग रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर देश के प्रधानमंत्री लोगों को बरगला रहे हैं, कि हम मुसलमान को संपत्तियां दे देंगे। हम उन्हें बताना चाहते हैं कि 70 सालों तक कांग्रेस ने राज किया, इतने सालों में तो हमने मुसलमान को किसी की कोई संपत्तियां नहीं दी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीजेपी 400 सीट इसलिए मांग रही है क्योंकि आरएसएस और बीजेपी संविधान को बदलना चाहती है, क्योंकि उनकी सोच वन नेशन वन इलेक्शन है। पंचायत और नगर निगमन का चुनाव होता है वह एक साथ कैसे संभव है। अलका लांबा ने यह भी दावा किया कि भाजपा 2 सौ सीट पर सिमट रही है और देश में इंडिया अलांयस की सरकार बनने जा रही है।

तीसरे चरण में मोदी-शाह की रैलियां, तेजस्वी का ताबड़तोड़ प्रचार

लोक तंत्र की आवाज

पटना। बिहार में दो चरण का मतदान हो चुका है और अब तीसरे चरण का मतदान होना है. पांच सीटों के लिए होने जा रहे इस चरण में भी एनडीए और इंडिया ने पूरी ताकत झोंक दी है. दोनों गठबंधन अपने–अपने स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है. एक ओर जहां नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बिहार में रैलियां होने जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर तेजस्वी यादव का ताबड़तोड़ प्रचार जारी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी 29 अप्रैल से तीन दिनों तक मधेपुरा में कैंप करेंगे।

कब कहां होना है चुनावः तीसरेचरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में तथा चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में वोट पड़ेंगे. तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा तथा चुनाव प्रचार 5 मई की शाम तक चलेगा. वहीं चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान, जबकि 11 मई तक चुनाव प्रचार होना है।

मधेपुरा में कैंप करेंगे सीएम नीतीश

चार मई को दरभंगा आ रहे मोदीः एनडीए की चुनाव प्रचार समिति तीसरे चरण में प्रचार के लिए बड़े नेताओं के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 मई को दरभंगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, वहीं गृह मंत्री अमित शाह की सभा 29 अप्रैल को झंझारपुर और बेगूसराय में होनेवाली है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 से तीन दिनों तक मधेपुरा में कैंप करेंगे और पांच सीटों पर उनकी जनसभाएं होंगी. एक महीने में पीएम मोदी पांचवीं बार बिहार दौरे पर आ रहे हैं।

इन नेताओं की भी होंगी सभाएंः जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा जैसे बड़े नेता भी सभा कर रहे हैं. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा, हम के संरक्षक पूर्व सीएम जीतन राम मांझी, लोजपाआर के सुप्रीमो चिराग पासवान की भी चुनावी सभाएं हो रही है।

प्रतिदिन तीन से चार सभाएं कर रहे तेजस्वीः इंडिया गठबंधन के नेताओं की भी सभा इन क्षेत्रों में हो रही है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी हर रोज चार–पांच सभाएं कर रहे हैं. मधेपुरा राजद के जिला अध्यक्ष जयकांत यादव ने बताया कि तेजस्वी यादव मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के मधेपुरा और सहरसा जिले में तीन–तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

कौन कहां मुकाबले मेंः तीसरे चरण की पांच सीटों में से जदयू और राजद तीन–तीन सीटों पर आमने–सामने है. एनडीए में जदयू से झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामत और मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव मैदान में हैं. खगड़िया से लोजपा–आर के प्रत्याशी राजेश वर्मा और अररिया से भाजपा के टिकट पर प्रदीप सिंह चुनावी मैदान में हैं. इसी तरह इंडिया में राजद से सुपौल से चंद्रहास चौपाल, अररिया से शाहनवाज आलम और मधेपुरा से प्रो कुमार चंद्रदीप मैदान में हैं.

किस मुंह से भाजपा नेता जदयू कैंडिडेट के लिए मांगेंगे वोट...दाग खत्म हो गए ?

सवाल पूछने को जहानाबाद के वोटर तैयार बैठे हैं

लोक तंत्र की आवाज़

पटना। दो चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं. अब सभी राजनीतिक दल तीसरे चरण के चुनाव में अपनी ताकत लगा रहे हैं. इस बार बिहार में 2019 वाली स्थिति नहीं दिख रही. सीटिंग सांसदों को लेकर आम जनता में भारी नाराजगी है. जेडीयू–भाजपा के उम्मीदवारों को वोटरों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है. मतदाताओं की भारी नाराजगी से नेतृत्व खासा परेशान और चिंतित है. अधिकांश सीटिंग सांसदों पर क्षेत्र में नहीं आने, काम नहीं करने के सामान्य आरोप लग रहे हैं. लेकिन इनमें से एक ऐसे सीटिंग सांसद हैं, जिन्हें जेडीयू ने फिर से चुनावी मैदान में उतारा है. उन पर और उनके माध्यम से भाजपा सहयोगी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ी कर चुकी है. मामला करोड़ों के टेंडर में गड़बड़ी करने का है।

जहानाबाद के वोटर सवाल पूछने को तैयार बैठे हैं....: जेडीयू ने अपने सीटिंग सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी को एक बार फिर से जहानाबाद से चुनावी मैदान में उतारा है. भाजपा जेडीयू सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी के बेटे बहू की कंपनी को 1600 करोड़ का एंबुलेंस टेंडर देने का मामला जोर–शोर से उठा चुकी है. इस बहाने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सीएम नीतीश को भी कटघरे में खड़ी कर चुकी है. ऐसे में जहानाबाद में भाजपा के बड़े नेताओं के लिए एक तरफ कुआँ है तो दूसरी तरफ खाई । भाजपा के कार्यकर्ता भी अभी तक जेडीयू कैंडिडेट के साथ बढ़–चढ़कर खड़े नहीं दिख रहे. यक्ष प्रश्न यही है कि भाजपा के बड़े नेता किस मुंह से जहानाबाद के जेडीयू कैंडिडेट चंदेश्वर चंद्रवंशी के पक्ष में वोट मांगेंगे..क्यों कि यही लोग जेडीयू सांसद के बेटे–बहू की कंपनी को गलत तरीके से 1600 करोड़ का एँबुलेंस टेंडर देने का चीख–चीख कर आरोप लगा रहे थे. जहानाबाद में यह मुद्दा इस बार गरम है. वोटर भाजपा नेताओं से भी सवाल पूछने को तैयार बैठे हैं...क्या साथ आने से जेडीयू कैंडिडेट के दाग धूल गए.... भाजपा नेताओं का 1600 करोड़ के एँबुलेंस टेंडर घोटाले पर अब क्या कहना है ? ये तमाम सवाल जेडीयू सांसद के साथ–साथ प्रचार में आने वाले भाजपा नेताओं से भी पूछे जाएंगे. खासकर तब के विस में विपक्ष के नेता विजय सिन्हा और विप में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी से. जो अब सरकार में डिप्टी सीएम हैं . स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले बीजेपी कोटे के मंत्री मंगल पांडेय को भी इस सवाल से जूझना होगा।

बात स्वास्थ्य विभाग में 1600 करोड़ के एंबुलेंस टेंडर में हुई गड़बड़ी की करते हैं. आखिर इतना बड़ा घोटाला कैसे हुआ ? उजागर होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई थी. खुलासा हुआ तब भाजपा विपक्ष में थी, बीजेपी ने जमकर हंगामा किया था ।

जदयू एमपी पर1600 करोड़ घोटाले का खुलासा

जानें क्या है 1600 करोड़ का एंबुलेंस टेंडर का खेल व राजनीति

गलत तरीके से 1600 करोड़ के एंबुलेंस टेंडर देने का खुलासा होने के बाद जहानाबाद के जेडीयू सांसद चंदेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी के बेटे–बहू की कंपनी पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर्स ने सुशासन की फजीहत करा दी थी. जेडीयू सांसद के बेटे की कंपनी को 1600 करोड़ का एंबुलेंस टेंडर नियम के खिलाफ जाकर देने का मुद्दा भाजपा ने जोर शोर से उठाया था. इस मामले में सीएम नीतीश को कटघरे में खड़ा किया गया था. खुलासा हुआ तो 2023 में बिहार विधानसभा में भी जमकर हंगामा हुआ, तब के नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी ने सदन में जमकर सवाल दागे थे. मामला हाईकोर्ट पहुंचा और कोर्ट ने नवंबर 2023 में नियम विरूद्ध पाते हुए 1600 करोड़ के एंबुलेंस टेंडर को रद्द कर दिया। लेकिन सरकार कहां मानने वाली थी. भाजपा ने जिस एंबुलेंस घोटाले का खुलासा कर नीतीश कुमार को कटघरे में खड़ा किया था, वही भाजपा अब जेडीयू सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी का प्रचार करेगी. जो नीतीश कुमार अपने आप को और अपनी सरकार को पाक–साफ बताते फिर रहे उन्होंने एक बार फिर से चंदेश्वर चंद्रवंशी को जहानाबाद लोस क्षेत्र से टिकट दिया है।

राहुल के अमेटी आने से भाजपा में मची खलबली !

लोक तंत्र की आवाज

यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट

अमेठी। हालांकि राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं इसे लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ़ तौर कहा कि थोड़े दिन रुक जाएं, पता चल जायेगा कौन कैंडिडट जा रहा है. फार्म मैं ही साइन करता हूं. साथ ही राहुल गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ₹लोगों की डिमांड थी तो वहां गए. वाजपेयी साहब और अडवाणी साहब भी अपना निर्वाचन बदला था। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, मोदी ने विकास तो नहीं किया लेकिन सबका सत्यानाश कर दिया है. हर चीज पर जीएसटी लगा दिया है. हर साल 2 करोड़ नौकरी देने की बात करते थे, 15 लाख देने की बात कही गई थी. उन्होंने कहा था कि काला धन वापस लाया जाएगा. किसान की आमदनी दोगुनी करने की बात करते थे।

साथ ही उन्होंने पीएम मोदी पर हमला जारी रखते हुए आगे कहा, मोदी जी की बात से ऐसा लगता है कि यह देश 2014 के बाद आजाद हुआ. कुछ लोग कांग्रेस में 30 साल तक रहे हैं और सोनिया जी और राहुल जी की आलोचना करते हैं. मोदी जी सीबीआई और ईडी के माध्यम से लोगों को डरा रहे हैं. मनमोहन सिंह ने 10 साल तक मंगलसूत्र की बात नहीं की थी. मोदी जी कर रहे हैं. किसी के आने जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पडता है. कांग्रेस बहती हुई गंगा है.₹ वहीं अगर हम केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की



हम बात करें तो राहुल के संभावित दौरे को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले अब वोट मांगने के लिए चुनाव के दौरान राम मंदिर का दौरा कर रहे हैं, जो भगवान को धोखा देने के अलावा और कुछ नहीं है।

बीजेपी के टिकट पर उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से स्मृति ईरानी एक बार फिर से चुनावी मैदान में हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'शहजादे' ने पहले तो राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, लेकिन अब वोट मांगने के लिए मंदिर के दर्शन करने जा रहे हैं. स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल को अमेठी से हराया था, जो कभी गांधी परिवार का गढ़ माना जाता था. इस सीट से संजय गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी चुनाव जीत चुके हैं। आपको बता दें कि ऐसी ख़बरें आ रही हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जल्द ही अमेठी का दौरा कर सकते हैं. राहुल इस दौरान अयोध्या में बने राम मंदिर का दौरा भी करने वाले हैं. जिसे लेकर अमेठी के लोगों में उत्साह है तो वहीं भाजपा खेमे में खलबली मची हुई है। हालांकि एक बात तो तय है कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो इससे कांग्रेस को न केवल अमेठी में फायदा होगा बल्कि इससे पूरी यूपी पर फर्क पड़ेगा।

कन्हैया कुमार, उदित राज, दीपक बावरिया... दिल्ली कांग्रेस में कलह का जिम्मेदार कौन ?

लोक तंत्र की आवाज

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। एक तरफ देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल गरम है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी आंतरिक कलह के कारण परेशान हाल है. दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन को लेकर माथापच्ची करनी पड़ी. अब जब गठबंधन होने के साथ ही सीटों का बंटवारा भी हो चुका है तो पार्टी के अंदर से ही बगावत के सुर तेज हो गए हैं. कुछ दिनों पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार चौहान ने कांग्रेस

पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. अब दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. लवली ने इस बाबत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर अवगत कराया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखी चिट्ठी में अरविंदर सिंह लवली ने पद छोड़ने की वजहें भी गिनाई हैं. कन्हैया कुमार और उदित राज को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने को लेकर पहले से ही पार्टी में कलह है. लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ करना भी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं ने विरोध किया. लवली ने खड़गे को लिखी चिट्ठी में आप से गठजोड़ का जिक्रकरते हुए लिखा कि जिस पार्टी का गठन ही कांग्रेस पर भ्रष्ट्राचार के झूठे आरोप लगाने के लिए हुआ, उससे चुनावी गठजोड़ किया गया. साथ ही दिल ?ली के कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया के रवैये को भी पद छोड़ने की वजह बताई है।

मौसमः अरे रुको बाहर ना जाओ! भीषण लू का अलर्ट

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। मैदानी इलाकों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है तो वहीं पहाड़ों पर ठंड अब भी बाकी है. जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके बर्फबारी से गुलजार हैं. दरअसल, जम्मू–कश्मीर में जमकर बर्फबारी हो रही है. सभी पहाड़ बर्फ की चादर से ढके हुए हैं और घरों पर भी बर्फ की परत जम गई है. वहीं, बिहार में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करके कहा कि औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, नवादा, जमुई और खगड़िया जिलों के कुछ जगहों पर लू की संभावना है। अगले 5 दिनों तक कोई राहत नहीं मिलेगी. यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी. दिल्ली में भी

तापमान 40 के करीब है. आइए जानते हैं कि आज मौसम कैसा रहेगा।

स्काईमेट वेदर रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 2 दिन में पश्चिमी हिमालय की कई जगहों पर हल्की से मीडियम बारिश और बर्फबारी की संभावना है. वहीं, अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है. वहीं, विदर्भ, मराठवाड़ा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और साउथ ओडिशा के कुछ इलाकों में बारिश और तेज हवाएं संभव है. पंजाब के उत्तरी इलाकों में हल्की से मीडियम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

● अगले 5 दिनों तक कोई राहत नही मिलेगी

झारखंड में लू का अलर्ट

झारखंड के 11 जिलों में भीषण लू की चेतावनी दी गई है. सीवियर हीट वेव अलर्ट जारी किया गया है. 11 जिलों के लिए ऑरेंज है. वहीं रांची के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. सूबे के 16 जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है. धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, खरसावां, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज और जामताड़ा में भीषण गर्मी पड़ेगी। वहीं दिल्ली में न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम वैज्ञानिकों ने दिन में तेज सतही हवा चलने का पूर्वानुमान जताया है.

संक्षिप्त खबरें ।

मारपीट की घटना में एक महिला समेत आठ लोग जख्मी

रौशन कुमार सोनू

कौआकोल(नवादा): कौआकोल थाना क्षेत्र के महापुर गाँव में रविवार को दो पक्षों के बीच आपसी भूमि विवाद को लेकर हुई मार पीट की घटना में एक महिला समेत आठ लोग जख्मी हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज केलिये पीएचसी कौआकोल में भर्ती कराया गया है। इन घायलों में एक पक्ष से गोपाल यादव,कुंदन यादव,चन्दन यादव एवं शांति देवी घायल हुए जबकि दूसरे पक्ष के हरिहर यादव,मनोज यादव, सनोज यादव एवं अधिक यादव घायल हुए हैं। इन घायलों में हरिहर यादव एवं अधिक यादव को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिये नवादा रेफर कर दिया।बताया जाता है कि गोपाल यादव एवं हरिहर यादव के बीच भूमि विवाद को लेकर नोंक झोंक होने के बाद मामला इतना तूल पकड़ लिया कि दोनों के परिवार के लोग आपस में भीड़ गए और मारपीट की घटना घटित हो गई। समाचार प्रेषण तक किसी भी पक्ष के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराए जाने की सूचना है।

ई–रिक्शा पलटने से दो हुए घायल



रौशन कुमार सोनू

कौआकोल(नवादा): थाना क्षेत्र के कौआकोल–मछन्दरा ग्रामीण सम्पर्क पथ पर दुधपनियाँ गाँव के निकट रविवार को एक ई–रिक्शा पलट जाने से उस पर सवार रहे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में थाना क्षेत्र के मननीयातरी गाँव निवासी रोहित कुंमार एवं मीणा देवी शामिल हैं। जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों एवं स्वजनों के सहयोग से इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ दोनों का इलाज चल रहा है। घायल रोहित कुमार ने बताया कि वह ई–रिक्शा पर सवार होकर कौआकोल बाजार जा रहा था,इसी बीच दुधपनियाँ गाँव के निकट ई–रिक्शा चालक का संतुलन बिगड़ जाने से वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया।

गंगटा में नलजल की पानी टँकी बंद, लोगों को पेयजल की परेशानी

विजय कुमार

नरहट (नवादा)

पुन्थर पंचायत अंतर्गत गंगटा गांव में लगा नलजल की पानी टँकी कई दिनों से बन्द पड़ा है जिसके चलते ग्रामीणों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण श्रवण चौधरी, राजकुमार राम, गोरेलाल यादव, सिधेश्वर राजवंशी, राजेश राजवंशी ने बताया कि बिजली की टँकी में खराबी के चलते करीब 15 से बीस दिनों से पानी टँकी बन्द रहने के कारण ग्रामीणों को घरों में पानी नही पहुच रहा है जिसके चलते लोगों के बीच पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी के कारण जल स्तर काफी नीचे जाने से लोगों के घरों में लगा चापाकल तो पहले हो सुख गया था। चापाकल बंद होने पर लोग नलजल कर पानी से अपनी प्यास बुझा रहे थे अब नलजल भी बंद हो जाने से लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए पीएचईडी को शिकायत के बाद भी नलजल की टँकी को ठीक नहीं किये जाने से ग्रामीणों में नराजगी है। ग्रामीणों ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पानी टँकी को जल्द चालू कराने की मांग की है।

नवादा में पुलिस जवान से रायफल और कारतूस चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर खबर दिखाने पर भड़के थानेदार

लोक तंत्र की आवाज़

थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कशिश न्यूज़ के संवाददाता सन्नी भगत पर एक झूठा मुकदमा न्यायलय मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया है



सन्नी भगत, नवादा

नवादा : नवादा में पिछले दिनों 18 अप्रैल की देर रात मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस जवान से चोरी हुई रायफल और कारतूस मामले में दुस्साहस की सारी हदें पार कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त से अब तक बाहर है इधर घटना की खबर को कशिश न्यूज के संवाददाता सन्नी भगत द्वारा प्रमुखता से दिखाने पर पकरीवराबा थाना के थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कशिश न्यूज़ के संवाददाता सन्नी भगत पर एक झूठा मुकदमा न्यायलय मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया है नवादा पुलिस अपनी निष्क्रियता छिपाकर पत्रकार को घेरे में ले रही है और झूठा आरोप लगा रही है।

घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली : बता दे लोक सभा चुनाव को लेकर पहले चरण में नवादा लोकसभा सीट पर मतदान 19 अप्रैल को होना था वहीं मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात देर रात एक पुलिस जवान की रायफल और 20 कारतूस की चोरी की वारदात हुई थी हालांकि पुलिस ने इस मामले में घटना के अगले दिन घटना स्थल से कुछ दूरी पर एक ताड़ के पेड़ के नीचे झाड़ी से पुलिस ने पुलिस जवान से चोरी हुई रायफल और 20 कारतूस को लावारिश अवस्था में बरामद किया था वहीं इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को अपने हिरासत में भी लिया था वहीं अगले दिन पूछ ताछ कर सभी को निर्दोष पा कर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने छोड़ दिया था वहीं इस घटना को कशिश न्यूज पर सबसे पहले खबर दिखाए जाने के बाद थानेदार ने कशिश न्यूज के संवाददाता सन्नी भगत पर एक झूठा मुकदमा न्यायलय में मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया गया है बता दे घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जाता है वही पत्रकार को फर्जी तरीके से आरोपी बनाए जाने से जिलाभर के पत्रकारों में रोष है रिपोर्टर पर एफआईआर की निंदा करते हुए पत्रकारों ने कहा है कि पुलिस अपनी विफलता को दबाने के लिए पत्रकारों के खिलाफ दमन की कार्रवाई कर रही है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निर्णय प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष

लोकतंत्र की आवाज़

गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा वर्ष 23 –24 में किए गए सेवा कार्य में लगे हुए कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निर्णय प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह द्वारा लिया गया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन अपने अल्प समय में समाजिक क्षेत्र में, गरीबों को न्याय एवं नारी शक्ति के सुरक्षा, साइबर कानून के प्रति जागरूकता पैदा करने वाले कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस संगठन द्वारा वर्ष 23 में रामनवमी उत्सव पर सेवा शिविर, 500 से ज्यादा गरीबों को छाया दो के तहत छतरी वितरण, गरीबों के लिए निशुल्क पनशाला, मोहर्रम पर सेवा शिविर, साइबर सुरक्षा के लिए जागरुकता रथ चलाने, गया जी स्टेशन पर दिव्यांग लोगों के सहायता हेतु 2 ट्राइसाइकिल का सहयोग देने, बरसात में ट्रैफिक पुलिस को दिक्कत नहीं हो 200 रेनकोट वितरण किया गया। पितृपक्ष में 2 जगह पर सेवा शिविर में 25000 से ज्यादा लोगों को निशुल्क चाय, बिस्कुट, शीतल जल कि व्यवस्था किया गया है। जाड़े में गरीब महिला पुरुषो को कम्बल वितरित किए गए हैं। साथ ही साथ सैकड़ों गरीबों को निशुल्क न्याय व्यवस्था में तथा अन्य तरीके से सहायता प्रदान किया गया। अभी भी मानपुर सिक्स लेन पुल के पास पंचमुखी शिव मंदिर के पास निशुल्क पनशाला सह सहायता शिविर चालू है। इस संगठन द्वारा पंचमुखी शिव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आयोजित बैठक में डाक्टर मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, महेश यादव, पिंटू सिंह,बबलू गुप्ता, सारिका वर्मा, राखी अग्रवाल, समेत कई लोग मौजूद थे।

सिरदला : धिरौन्ध गांव में नेवारी की चार पुंज में लगी आग हजारों का हुआ नुकसान

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला प्रखंड के धीरौंध पंचायत के धिरौन्ध गांव में वार्ड नंबर 1 में नेवारी के चार पुंज में आग लग गयी जिससे हजारों का नुकसान हो गया। बता दे की धिरौन्ध गांव के एक पुंज में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते–देखते बगल के तीन पुंज में भी आग लग गई। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गया। तथा ग्रामीणों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया।एवं मौके पर पहुंची अग्निशमन वाहन सिरदला तथा रजौली के द्वारा आग पर काबू पाया गया। तब तक काफी नुकसान हो चुका था। नेवारी का पुंज धिरौन्ध गांव के लखन प्रसाद का बताया गया है। तथा इस नुकसान के भरपाई के लिए सिरदला अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग किया गया है। आग लगने का कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर मौके पर धिरौन्ध गांव के सैकड़ो ग्रामीण व अग्नि समन कर्मचारी उपस्थित थे।

स्टार परफॉर्मर ऑफ़ द मंथ को स्कालर आफ हानर दिया गया सम्मानित करने से कर्मचारियों को मनोबल बढेगा : नगर आयुक्त

लोकतंत्र की आवाज़

गया। गया नगर निगम के द्वारा स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ₹स्टार परफोर्मेंस आफ द मंथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों को निगम आयुक्त के द्वारा सम्मानित किया गया। दिनांक 27 अप्रैल को गया नगर निगम की नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र, झाड़ू देने वाले एवं ड्राइवरो को सम्मानित किया गया है। माह मार्च 2024 में किए गए कार्य के मूल्यांकन के उपरांत ₹स्टार परफॉर्मर ऑफ़ द मंथ₹ को स्कालर आफ हानर दिया गया। ड्राइवर में दीपक कुमार एवं रविकांत सिंह ,डोर टू डोर सफाई मित्र, वार्ड 20 से रमेश कुमार एवं लक्ष्मण माझी , झाड़ूकश में अनीता देवी, वार्ड 51 एवं दुर्गा देवी, वार्ड 7 एवं जोनल प्रभारी अनंत कुमार मिश्रा को स्कालर आफ आनर देकर सम्मानित किया गया । निगम आयुक्त से सम्मानित होने के बाद सफाई मित्र काफी खुश दिखे। निगम आयुक्त ने बताया इस कार्यक्रम के होने से सफाई कर्मियों में अच्छा कार्य करने की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम के सफाई कर्मी एवं पदाधिकारी नगर को स्वच्छ रखने में लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। चैती छठ, ईद ,रामनवमी जैसे पर्व में निगम के कर्मियों ने सामूहिक रूप से कार्य करने का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है । लोकसभा चुनाव 2024 में निगम क्षेत्र में अवस्थित सभी मतदान केंद्र की साफ साफ सफाई निगम के कर्मियों द्वारा की गई है इसके साथ ही साथ निगम के स्वामित्व वाले मतदान केंद्र पर अस्थाई शेड, चलंत शौचालय , चार्जिंग पॉइंट, पानी के टैंकरों के अलावा आर औ का शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में शिवनाथ ठाकुर उपनगर आयुक्त, आसिफ सिराज नगर प्रबंधक ,शैलेंद्र कुमार सिंह सहायक अभियंता, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी मोनू कुमार, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी शुभम कुमार, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक चंद्र मोहन उपस्थित थे।

तालाब में करंट रहने से मामा–भांजे समेत तीन की मौत

लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):– वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खिरभोजना ग्रामीण प्रमोद प्रसाद के निजी मछली पालन तालाब में विद्युत प्रवाहित होने से एक बालक समेत तीन लोगों की जान चली गई। तीन तीन लोगों की अचानक मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया।पति और भांजा की मौत की खबर सुनकर मृतक पंकज की पत्नी सुधा देवी तथा भाभी संतोष की पत्नी निशा देवी सदमे में आ गई और दोनों की तबीयत काफी खराब हो गई, जिसे परिजनों ने वारिसलीगंज के नीजी क्लिनीक में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां संवाद प्रेषण तक बेहोसी के हालत में इलाजरत है। बताया जाता है कि नालंदा जिला अन्तर्गत कतरीसराय थाना क्षेत्र के तारा बिगहा गांव निवासी उमेश राम के बड़े पुत्र संतोष राम की पुत्री की शादी 21 अप्रैल 2024 को संपन्न हुआ था। शादी के अवसर पर संतोष के 14 वर्षीय भांजा गिरियक थाना क्षेत्र के लक्खाचक ग्रामीण पिन्टू राम का पुत्र गुलशन कुमार अपने परिजन के साथ शादी समारोह में शामिल होने अपने ननीहाल तारा बिगहा गांव आया था।शनिवार की सुबह गुलशन अपने मामा 28 वर्षीय पंकज कुमार तथा 25 वर्षीय अजय कुमार उर्फ मिथुन के साथ शौच क्रिया के लिए गांव स्थित बधार आया था। शौच के बाद गुलशन पड़ोसी गांव नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खिरभोजना ग्रामीण प्रमोद कुमार के मछली पालन तालाब में गया, जहां तालाब में विद्युत प्रवाहित पानी में करंट के झटका से पानी के अंदर फेका गया। साथ रहे मामा पंकज व मिथुन को लगा कि गुलशन पानी में डूब रहा है, जिसे बचाने के लिए पंकज और मिथुन तालाब के अंदर गया, जहां दोनों को करंट का झटका लगा और दोनो तालाब के अंदर फेका गया। तालाब में डुबने की सूचना पर ग्रामीण वहां पहुंच गए तथा तीनों को पानी से निकालकर विम्स पावापुरी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उक्त तीनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि तालाब नवादा जिला अन्तर्गत वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खिरभोजना गांव निवासी प्रमोद प्रसाद का है। वह तालाब में मछली पालन का काम करता है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसने तालाब में बिजली का तार छोड़ रखा था। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण तार तालाब में टूट कर गिरा हुआ था, जिसमें बिजली प्रवाहित हो रही थी। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

घर को स्वर्ग बनाने वाली नारी होती है, इन्हें सम्मान दें : देवी चित्रलेखा

लोक तंत्र की आवाज़

नरहट (नवादा) । घर को स्वर्ग बनाने का काम नारी करती है, इसीलिए नारी का हमेशा सम्मान करें। वेदों की मर्यादा कहती है बेटी,बहु और पत्नी सब का सम्मान होनी चाहिए। माताएं को भी पुरुष का सम्मान करना चाहिए। उक्त बातें राजाबिगहा गांव में आयोजित 9 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ में उपस्थित श्रद्धालिओं को संबोधित करते हुए अपने प्रवचन में सुप्रसिद्ध कथा ब्यास देवी चित्रलेखा ने कही। उन्होंने बेटी बचाओ पर बल देते हुए कहा कि नवरात्रि में बेटियों की पूजा करते हो अगर बेटी नही रहेगी तो किस कन्या का पूजन करोगे। ठाकुर जी जिसको जन्म देते हैं उसका पालन भी करते हैं। उन्होंने श्रद्धालिओं से कहा कि कई लोग सोचते हैं कि कथा में आज नही कल जायेंगे। कल किसने देखा है। अगर आप को भगवान की जरूरत पड़ी तो भगवान भी समय देखेंगे। इसलिए आप सभी सच्चे मन से भगवत भक्ति जरूर करें। उन्होंने कहा की जिस तरह शरीर सुधि के लिए स्नान जरूरी है। उसी तरह मन सुधि सफाई के लिए भगवान की भक्ति भजन जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि सबसे पहले सुबह नित क्रिया के बाद स्नान करें। स्नान के बाद ही भोजन बनाएं। पवित्र मन से बनाया हुआ भोजन प्रसाद बन जाता है। ईश्वर की भक्ति करने से घर में सुख शांति आती है। यज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालु कथा प्रवचन श्रवण के लिए पहुच रहे हैं। बीच बीच में भजन संगीत से श्रोता झूम उठते हैं। कथा प्रवचन के बाद रासलीला का भी मंचन किया जा रहा है। सुबह से यज्ञवेदी में फेरी देने वाली महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में महिलाएं यज्ञवेदी में पूजा अर्चना कर फेरी देने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा यज्ञ में श्रद्धालिओं को कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रख रहें हैं। प्रशासन की तरफ से भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। यज्ञ तीन मई तक चलेगा।

निर्माण पुरा नहीं होने के कारण पर्यटकों के लिए बंद है बिहार का मशहूर ककोलत का 'वाटर फॉल'

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा : बिहार के कश्मीर के रूप में शुमार झारखंड की सीमा से सटे नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड स्थित ककोलत जलप्रपात की खूबसूरत वादियों में स्नान और मस्ती के लिए सैलानियों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य पुरा नहीं होने के कारण बिहार समेत झारखंड के लोगों को आकर्षित करने वाले इस शीतल वाटर फॉल के बंद है। जानकारी के अभाव में दूरदराज से सैलानी यहां आते हैं और बैरंग लौट जा रहे हैं। डीएफओ संजीव रंजन ने बताया है कि जलप्रपात अभी कुछ दिन और बंद रहेगा। ककोलत जलप्रपात में पर्यटकों के लिए लगा प्रतिबंध अभी जारी रहेगा । ककोलत में इन दिनों विकास कार्य चल रहे हैं। कई स्ट्रक्चर की मरम्मत हो रही है, तो पर्यटकों के आनंद और मस्ती के लिए कुछ नई संरचनाएं बन रही है। इन दिनों कुंड की मरम्मत, सीढ़ियों की मरम्मत, चट्टानों को व्यवस्थित करने का काम, जाली लगाने आदि का काम चल रहा है। इसके चलते यहां पर्यटकों के जाने पर रोक है तीन फेज में काम किए जाएंगे। वहीं करोड़ रुपए की लागत से ककोलत जलप्रपात के समीप सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। पहाड़ी चट्टानों का स्टेबलाइजेशन किया जा रहा है।पत्थरों के किनारे जाली लगाया जा रहा है ताकि चट्टान खिसककर नीचे नही गिर सके। जलप्रपात के समीप के पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त किया जा रहा है । जल प्रपात का व्यू अच्छा आए, इसके लिए आसपास की चीजें को दुरूस्त किया जाएगा।

डा अरविंद शाही को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान मिलने पर जिलेवासियों में खुशी दर्जनों लोगों ने दी बधाई

लोक तंत्र की आवाज़

पकरीबरावां । नवादा ज़िला अंतर्गत पकरीवरावॉ प्रखंड डुमरांवा पंचायत के खपुरा गांव निवासी समाजसेवी डॉ. अरविन्द शाही को गोल्डेन स्पैरोज संस्था की ओर से 28 अप्रैल को तीन मूर्ति भवन नई दिल्ली के सभागार में ₹राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान₹ से सम्मानित किया गया डा ० शाही ने उधमियो् को प्रोत्साहित करने बेरोजगारों रोज़गार देना और सबसे बड़ी बात करोना काल में लोगों हर तरह मदद पहुंचने खाना ऑक्सीजन की व्यवस्था हास्पीटल में भर्ती कराना अपने पिता जी के पुण्य तिथि पर लगातार 8 आठ व्रषो से ग़रीबों के बीच कम्बल साड़ी बच्चों को किताब कापी के साथ पर्यावरण एवम जल जल संरक्षण जागरूकता को लेकर समाज को जागरूक करने इनमें समाज सेवा समाज हित में बढ़ चढकर भागीदारी देने का सकारात्मक सोच को मजबूती मजबूत बनाने के उद्देश्य से गोल्डन स्पैरोज संस्था दिल्ली के द्वारा उन्हें राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया है। डा. शाही ने बताया कि ये उनका समाज सेवा एवं रोज़गार उन्मुख के लिए चौथा सम्मान है इसके पहले भी राष्ट्र गौरव सम्मान, भारतीय मानवता पुरस्कार के सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। डा. शाही समाज सेवा से लगभग 8 सालों से लगातार गरीब बच्चों की शैक्षणिक सहायता एवं उन्हें मार्गदर्शित करने का कार्य कर रहे हैं एवं साथ ही साथ रोज़गार देने के क्षेत्र में अपनी फ़ैक्ट्री उम्मीद नगर टाउनशिप तथा अन्य क्षेत्र में बेरोजगार युवक को रोजगार का साधन उपलब्ध कराकर युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल किया है। डा. शाही ने कहा कि ये सम्मान माता–पिता, गुरुजनों एवं समस्त शुभचिंतकों को समर्पित है। जिनके आशीर्वाद स्नेह प्रेम मार्गदर्शन से जन सरोकार समाजहित रोजगार उन्मुखीकारण गरीबों एवं युवाओं के प्रति सद्भाव का प्रेरणा मिला है। डॉ अरविंद शाही को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से नवाजे जाने पर जिलेवासियों ने खुशी इजहार करते हुए दिल्ली के राजेश कुमार धर्मेंद्र कुमार ज्योतिष कुमार नवनीत कुमार राखी चौधरी प्रदेश भाजपा नेता सुधीर शर्मा डीके चौधरी अनिल कुमार प्रखंड के अजय कुमार रविकांत पत्रकार नरेंद्र सिंह राजेश कुमार इंद्रजीत कुमार मुकेश सिन्हा एवं ग्रामीण विनय कुमार पिंटू मुरारी कुमार प्रखंड के संजय कुमार यादव अभिमन्यु कुमार भाजपा अध्यक्ष संजीव कुमार नीरज कुमार रामप्रवेश सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई दिया है

संक्षिप्त खबरें ।

ट्रेलर के इंजन में आग लगी

घनश्याम तिवारी
मऊ ।घोसी।जनपद के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के करहा गांव के पास रविवार को सुबह लगभग 6:45 पर बिहार से बालू लाद कर जा रहा ट्रेलर पूर्वांचल एक्सप्रेस से नीचे गिर गया। फलस्वरूप ट्रेलर के इंजन में आग लग गई।हादसा में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल भिजवाया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।आजमगढ़ जनपद के मेहनगर थाना क्षेत्र का मेहनगर कस्बा निवासी सरवन बिहार से बालू लेकर में आजमगढ़ जा रहा था। इस दौरान पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हरिहासपुर गांव के निकट 270 कमी माइल स्टोन के पास अचानक ट्रेलर का पहिया फट गया जिससे ट्रेलर अनियंत्रित हो गया।वह रेलिंग तोड़कर नीचे खेत में उतर गया। ट्रेलर की गति इतनी तेज थी कि एक्सप्रेस वे से नीचे काफी दूर तक खेत में घसीटता रहा। इस दौरान ट्रेलर के अगले हिस्से इंजन में आग लग गई। इसमें बैठा चालक सरवन गंभीर रूप से घायल हो गया।

लखनऊमेडिकल कॉलेज में महिला स्टाफ ने किया सुसाइड,

रत्ना
लखनऊमेडिकल कॉलेज में महिला स्टाफ ने किया सुसाइड,प्राइवेट रूम में लटकी मिली बॉडी, क्या थी वजह यूपी की राजधानी लखनऊ में मेडिकल कॉलेज में महिला स्टाफ ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया. यहां काम करने वाली एक महिला प्राइवेट रूम में लटकी मिली. कॉलेज स्टाफ की नजर पड़ी तो हड़कंप मच गया. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊमें सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां मेडिकल कॉलेज में काम करने वाली महिला ने ड्यूटी के दौरान फांसी लगा लिया

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन के लिए इटावा पहुंचे सीएम योगी लोगों से की मतदान की अपील; विपक्षियों पर भी किया कटाक्ष



रत्ना
कानपुरः:मुख्यमंत्री योगी ने इटावा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी माफिया के मरने पर फातिया पढ़ने के लिए जाती है। इनकी सरकार पर माफिया हावी रहते थे। लेकिन हमारी सरकार ने विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 वर्षों में जनकल्याण के कार्य किए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही बहन–बेटियों की सुरक्षासमृद्धि के लिए प्रयास किए गए हैं। इटावा लोकसभा क्षेत्र के अजीतमल में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। सीएम यहां पर भाजपा प्रत्याशी प्रो.रामशंकर कठेरिया के समर्थन में लोगों से मतदान करने की अपील की।

बलिया : भीषण गर्मी और लू से जनजीवन अस्त व्यस्त, कहीं नही हुई प्याऊकी व्यवस्था

लोकतंत्र की आवाज़

बीते दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में दिन में औसतन 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुँच जा रहा है

घनश्याम तिवारी
बलिया । भीषण गर्मी और लू में ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी चट्टी चौराहे या कस्बो में अभी तक प्याऊकी व्यवस्था नहीं की गयी है। इससे बाजारो में एवं चट्टी चौराहों ,कस्बो में खरीदारी करने आये हर वर्ग के व्यक्तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि दिन के सुबह 9 बजे से ही तापमान का पारा चढ़ने लगता है और दोपहर तक पारा अपने चरम स्थिति में पहुंच जाता है बीते दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में दिन में औसतन 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुँच जा रहा है। इस माह में कुछ दिन पहले तक शादी–विवाह का सीजन भी जोरों पर था।लोग इस भीषण गर्मी और लू में भी चिलचिलाती धूप में भी साग–सब्जी व फल फूल से लेकर कपड़े,बर्तन आदि खरीदने को मजबूरथे। भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल की महती आवश्यकता है। प्याऊके अभाव में लोगों को बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। अगर कुछ वर्षों पहले की बात करें तो प्याऊकी व्यवस्था अप्रैल का महीना शुरू होते ही हो जाती थी, लेकिन इस बार गर्मी ने अपने तेवर मार्च माह से ही दिखाने शुरू कर दिए ,जिससे राहगीरों को अब रास्तों में ही प्यास की जरूरत महसूस होने लगी. अप्रैल माह खत्म होने वाला है. पारा भी 44 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है,लेकिन अभी तक बाजार क्षेत्र में प्याऊनहीं खुला है। घर से बाहर निकले लोग पानी नहीं मिलने से प्यास बुझाने के लिए बोतलबंद खरीद रहे हैं। गर्मी के दिनों में राहगीरों को राहत देने कस्बो में नगर पंचायत के साथ ही सामाजिक संगठन और विभिन्न संस्थानों द्वारा सड़क के किनारे चट्टी चौराहों पर जगह–जगह प्याऊकी व्यवस्था की जाती थी।जिससे चिलचिलाती धूप और गर्मी से परेशान राहगीर इन प्याऊपर आकर अपना गला तर कर प्यास बुझाते थे। लेकिन इस बार इतनी तेज गर्मी पड़ने के बाद भी कस्बो ,ग्रामीण क्षेत्रों में एक भी प्याऊकी व्यवस्था नहीं की गई है और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है ।

उन्नाव :हादसे में 7 यात्रियों की मौत

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
उन्नाव । 27 सवारियों से भरी बस को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक है। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। यह हादसा उन्नाव के सफीपुर में रविवार दोपहर को हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।बस बांगरमऊ से उन्नाव आ रही थी। हादसा इतना भयानक था कि एक यात्री सड़क पर उछलकर गिर गया, जिससे उसका सिर फट गया। उधर, हादसे के बाद जिला अस्पताल की इमरजेंसी में कुछ बेड खाली कराकर रिजर्व कर दिये गए। जिससे घायलों को तत्काल बेहतर उपचार मिल सके। इमरजेंसी में डॉक्टर की टीम को अलर्ट किया गया है। मृतकों के पोस्टमॉर्टम जल्द करवाए जा सकें, इसके लिए मॉर्चरी में ड्यूटी डॉक्टर को भी अलर्ट कर दिया गया है।हादसे के बाद हरदोई–उन्नाव मार्ग पर दोनों ओर के वाहनों को राहगीरों ने रोक दिया और घायलों की मदद करने में जुट गए।हादसे के बाद घायल बस यात्रियों में चीख पुकार मच गई। राहगीर उनकी मदद कर रहे तो लोग चीखते चिल्लाते कहने लगे कि घटना की जानकारी हमारे घर वालों को दे दो। इस दर्दनाक मंजर देखकर हर कोई सहम गया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजना शुरू किया।सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला के मुताबिक, बस (वढ 35 ळ 5700) को ट्रक ने टक्कर मारी है। जिससे बस में सवार 7 लोगों की मौत हुई है। 20 लोग घायल हैं। घटना की सूचना पर थाना सफीपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद ट्रक लेकर भागे चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। मृतकों की शिनाख्त कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं, हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।

अखिलेश यादव का 'मुलायम' अवतार, किसी को थपकी तो किसी को लगाया गले; फिर कर दिया बड़ा एलान

लोक तंत्र की आवाज

सुगंधा
लखनऊ अखिलेश बोले–पहली बार नेताजी ने हाथ पकड़कर 24 साल पहले ये धरती दिखाई थी। फिर 12 साल तक आप सबने प्रेम दिया। कन्नौज की खुशबू को दुनिया में पहुंचाने में मदद की। अब फिर 2012 के बाद ठीक 12 साल बाद ही हम आपके बीच आए हैं। जैसे ही अखिलेश ने पहली नुक्कड़ सभा में ये बात कही तो हर तरफ बढ़ते तापमान के बीच सियासी गर्मी उबाल मारती दिखी। दोपहर में धीरे–धीरे चढ़ते सूरज के साथ चढ़ती गर्मी और सपाई सियासत का तापमान बढ़ाते कार्यकर्ता, शिवली से रसूलाबाद तक जगह–जगह भीड़ से घिरे सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार को 'मुलायम' अवतार में दिखे। अपने पिता नेताजी की तरह ही रोड शो के दौरान चौराहे–चौराहे, नुक्कड़–नुक्कड़ स्थानीय मुद्दे छुए, समस्याएं उठाईं, अपनों को थपकी देकर सहलाया भी, अपनत्व भी दिखाया। हाथ मिलाया, गले मिले और कार्यकर्ताओं के मन की करते रहे। कोई समाजवादी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक यानी पीडीए यात्रा रथ के पास पहुंचा तो उसे करीबी का अहसास कराया।

अवध क्षेत्र को लेकर अचानक एक्टिव हुए अमित शाह गड़बड़ी की आशंका; पदाधिकारियों को बुलाया कानपुर

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना कानपुर । गृह मंत्री अमित शाह यहां चौथे चरण की सीटों की समीक्षा करने आ रहे हैं। पहले वह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के कानपुर अकबरपुर इटावा कन्नौज फर्रुखाबाद संसदीय सीटों की समीक्षा करने वाले थे लेकिन अब समीक्षा का दायरा बढ़ा दिया गया है। इसमें अवध क्षेत्र में भी चौथे चरण में जिन संसदीय सीटों पर मतदान होना है उन्हें भी बुला लिया गया है।कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र की पांच लोकसभा सीटों के साथ गृह मंत्री अमित शाह अब अवध क्षेत्र के आठ संसदीय क्षेत्रों की समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसके लिए पदाधिकारियों को कानपुर बुलाया गया है। ये सभी सीटें चौथे चरण की हैं और रविवार शाम पांच बजे खलासी लाइन स्थित विजय कांटिनेंटल होटल में बैठक शुरू होगी।थी अवध क्षेत्र को लेकर अचानक एक्टिव हुए अमित शाह गड़बड़ी की आशंका; पदाधिकारियों को बुलाया कानपुरगृह मंत्री अमित शाह यहां चौथे चरण की सीटों की समीक्षा करने आ रहे हैं। पहले वह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के कानपुर अकबरपुर इटावा कन्नौज फर्रुखाबाद संसदीय सीटों की समीक्षा करने वाले थे लेकिन अब समीक्षा का दायरा बढ़ा दिया गया है। इसमें अवध क्षेत्र में भी चौथे चरण में जिन संसदीय सीटों पर मतदान होना है उन्हें भी बुला लिया गया है।अवध क्षेत्र को लेकर अचानक एक्टिव हुए अमित शाह गड़बड़ी की आशंका; पदाधिकारियों को बुलाया कानपुरअवध क्षेत्र को लेकर अचानक एक्टिव हुए अमितशाह गड़बड़ी की आशंका; पदाधिकारियों को बुलाया कानपुर कानपुर। कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र की पांच लोकसभा सीटों के साथ गृह मंत्री अमित शाह अब अवध क्षेत्र के आठ संसदीय क्षेत्रों की समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसके लिए पदाधिकारियों को कानपुर बुलाया गया है। ये सभी सीटें चौथे चरण की हैं और रविवार शाम पांच बजे खलासी लाइन स्थित विजय कांटिनेंटल होटल में बैठक शुरू होगी। माना जा रहा है कि अमित शाह सभी सीटों के कमजोर बिंदुओं पर चर्चा कर गड़बड़ी करने वालों के पेच भी कसेंगे, इसलिए देर रात तक बैठक चल सकती है। इसीलिए उनके रुकने की व्यवस्था भी की गई है। वह सोमवार सुबह यहां से रवाना होंगे।

अगर मतगणना में धांधली हुई तो लाश निकलेगी मेरी या कलेक्टर की

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया । लोकसभा चुनाव के लिए बलिया सीट से समाजवादी पार्टी ने सनातन पांडेय को अपना उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार बनाए जाने के बाद सनातन पांडेय ने अपना चुनाव प्रचार कर दिया है। रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर मतगणना में धांधली हुई तो लाश निकलेगी मेरी या कलेक्टर की। सपा उम्मीदवार ने कहा– हमलोग लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में विश्वास रखते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपने हत्या के डर से अपने प्रांगण के बाहर आ गए। जो हुआ है वो आपने भी देखा है और बलिया के लोगों ने भी देखा है। हम तो आपके जीते हुए प्रत्याशी हैं। पहले चुनाव आयोग निष्पक्ष हुआ करते थे। जब आचार संहिता लगती थी तो पूरे हिंदुस्तान के लोग डर जाते थे। सनातन पांडेय ने कहा, अब हमारे ऊपर हुकूमत का डंडा नहीं चलेगा, अब हमारे ऊपर आयोग का डंडा चलेगा। चुनाव पहले आयोग के देखरेख में होता था। लेकिन बीजेपी की सरकार के दबाव में यहां प्रशासन आ गया और हमारे रिजल्ट को बदलवाने का काम किया। हम उस व्यवस्था को अपमानित नहीं करना चाहते हैं। बलिया से सपा प्रत्याशी ने कहा, हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली और आयोग को हम चुनौती नहीं देना चाहते हैं, इसलिए की जनता में आयोग का विश्वास कम हो जाएगा। लेकिन जब मैं बाहर आ रहा था तब सरकार के पक्ष के लोगों द्वारा मेरे ऊपर लाठी डंडो से वार किया गया। इस बार हम संकल्प के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम जनता द्वारा चुनाव हरा दिए गए तो जनता से वादा करते हुए काउंटिंग सेंटर से बाहर आ जाऊंगा। अगर जनता ने हमको चुनाव जीताया और यहां का प्रशासन या बीजेपी का तंत्र मुझे नहीं रोक पाएगा। अगर ऐसा होता है तो उस प्रांगण से बाहर सनातन पांडेय की लाश आएगी या कलेक्टर की लाश आएगी।

भयंकर गर्मी और लू में सूखे ताल तलैया , पानी के बिन पशु पक्षी हुए बेहाल

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया । प्रतिदिन बेतहाशा बढ़ते पारे एवं लू ने अब अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। भयंकर गर्मी और लू से गांवो में स्थित ताल तलैया अप्रैल माह में ही बिल्कुल सूख चुके हैं।वही जो तालाब पोखरे नही सूखे हैं उन्हें मछली पालन करने वाले लोग मछली पकड़ने के लिए उन तालाबो को सुखा रहें हैं।जिसके कारण गांवो के सिवानो में चरने वाले पालतू पशु ,जंगली पशु और पक्षियों को पीने के लिए दूर दूर तक पानी नसीब नही हो रहा है । ऐसे में प्यास से व्याकुल ये पशु इधर उधर दौड़ रहें हैं लेकिन उन्हें निराशा ही होना पड़ रहा है। इस भयंकर गर्मी में कई पशु पानी के अभाव में सिवान में ही दम तोड़ देते हैं। दूसरी ओर तालाब और पोखरों के सूखने की मार किसानों पर भी पड़ रही है ।विगत मार्च महीने से ही नहरो में पानी न होने के कारण जहाँ किसानों की जायद की फसल की बुआई में देरी हो गई वही अब नहरो में तालाबो में पानी न होने के कारण मूंग , शंकर मक्का , चेन , गन्ना, सूर्यमुखी और सब्जी की फसल सिचाई के आभाव में सुख रही है । किसानों का कहना है कि हर साल गर्मी शुरू होते ही नहरो में पानी की आपूर्ति कर दी जाती थी ताकि जहां एक ओर पशुओ पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध हो जाये वही किसानों की गर्मी में बोई जाने वाले सब्जी एवम अन्य जायद की फसलों की सिचाई हो सके ।लेकिन इस वर्ष पहली बार ऐसा हो रहा है कि मार्च से ही नहरो में पानी की आपूर्ति नही की गई और इस भयंकर गर्मी में भी नहरो को सुखा छोड़ दिया गया है ।गाँव गाँव मे मनरेगा के तहत जल संरक्षण के नाम पर कागजो में खोदे गए पोखरों और अमृत सरोवरों का नामो निशान नही है अगर कही तालाब पोखरे दिखाई भी दे रहें हैं तो जल संरक्षण का कोई अता पता नही है । ऐसे में सवाल यह उठता है कि जल संरक्षण के नाम पर मनरेगा के लाखों करोड़ों रुपये कहां गए यह आज जांच का विषय हो सकता है। क्षेत्र के किसानों एवं प्रबुध्द लोगो ने शासन से अबिलम्ब नहरो में जलापूर्ति कराकर तालाबो और पोखरों को पानी से भरने की मांग की है।

सिंथेटिक ड्रग्स बनाने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा, वढरळा ने 6 सप्लायर को किया

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना लखनऊ यूपी एसटीएफ ने सिंथेटिक ड्रग्स बनाने और इसे सप्लाई करने वाले गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया है. साथ ही सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले 20 किलो केमिकल भी बरामद किया है. सिंथेटिक ड्रग्स सप्लाई के तार मुंबई से जुड़े हैं. क्योंकि यूपी से ड्रग्स बनाकर मुंबई की एक महिला सरगना को भेजा जाता था.सिंथेटिक ड्रग्स बनाने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा, वढरळा ने 6 सप्लायर को किया अरेस्ट गिरफ्तार गैंग के मेंबरगिरफ्तार गैंग के मेंबरयूपी एसटीएफ (वढरळा)ने ठाणे पुलिस के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन में वाराणसी और आजमगढ़ से सिंथेटिक ड्रग्स बनाने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया. साथ ही ड्रग्स बनाने वाले 20 किलो केमिकल भी बरामद किया. पूछताछ में गैंग के सदस्यों ने बताया कि मुंबई की एक महिला सप्लायर की डिमांड पर यूपी में सिंथेटिक ड्रग्स बनाया जा रहा था.

गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट गंगा जी मार्ग बलिया हम प्रबुद्ध व्यक्तियों का कुछ भी कर्तव्य नहीं है :शांतिकुंज ऋषि

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया । अपना जन–जीवन दर्शन आज कितना क्षुद्र एवं घृणित है इसे देख कर विवेक की आत्मा सिहर उठती है। हर आदमी के सामने धन का बिना उचित–अनुचित का ध्यान किए प्रचुर मात्रा में उपार्जन एवं संग्रह करना ही एकमात्र लक्ष्य बना हुआ है। उस उपार्जन एवं संग्रह का उपयोग वह केवल अपने व्यक्तिगत विलास, स्वार्थ एवं अहंकार की पूर्ति तक ही सीमित रखे हुए है। इस हर दृष्टि से पिछड़े हुए समाज को उठाने और बढ़ाने के लिये आर्थिक साधनों की अत्यधिक आवश्यकता है। पर लोग अपनी सम्पन्नता बढ़ाने और विलासिता उभारने के अतिरिक्त उस दिशा में सोच तक नहीं पाते। कुछ अनुदान दे सकना तो दूर की बात है। जो देते भी हैं उनके पीछे कोई उदारता या विवंक नहीं होता, केवल अपनी कीर्ति के मूल्य पर ही कुछ कौड़ियाँ फेंकी जाती है। आज का यही अर्थशास्त्र है।इसने अपराधों की बाढ़ खड़ी कर दी है। हर क्षेत्र में अर्थ लोलुपता ने एक प्रकार का चरित्र संकट खड़ा कर दिया है। जहाँ देखिये प्रकट–अप्रकट भ्रष्टाचार का ही बोलबाला है। फलतः शोषण, उत्पीड़न, छल, विश्वासघात, लूट, हत्या, गुण्डागर्दी, बेईमानी की घटनायें पग–पग पर देखने को मिल रही हैं। उनकी प्रतिक्रिया से दशों दिशायें क्षोभ, रोष, असन्तोष एवं प्रतिशोध की भावना से भरी हुई उद्विग्न हो रही हैं। क्या इन परिस्थितियों के, इन आकाँक्षाओं एवं आदर्शों के रहते कभी सामाजिक शान्ति स्थापित हो सकती है? यदि हमें चैन से रहने और रहने देने की स्थिति प्राप्त करनी है तो इन परिस्थितियों को बदलने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं। अज्ञान की कैसी विषम घटायें चारों ओर घुमड़ रही हैं उन्हें देख कर डर लगता है। नशेबाजी जैसे व्यसनों में लोग अपने धन, स्वरूप, मन, मस्तिष्क की होली जलाते छोटे बच्चों जैसी आतिशबाजी का खेल खेल रहे हैं। कितना समय और कितना धन लोग इन विडम्बनाओं पर खर्च करते हैं। तम्बाकू, शराब, भाँग, गाँजा आदि का प्रचलन जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए शक होता है कि जमाना कहीं पागल होने तो नहीं जा रहा है। जिन कुरीतियों और अन्धविश्वासों को लोग छाती से लगाये बैठे हैं उनसे आडम्बरी धूर्तों की पाँचों घी में हैं और बेचारे निरीह लोगों का कचूमर निकला जा रहा है। भूत, पलीत, दई, देवता, टोना, टोटका के कुचक्रमें अभी भी बेचारे अनपढ़ देहाती ही नहीं तथाकथित सुशिक्षित भी सिर पटकते देखे जाते हैं। रीति–रिवाजों का जंजाल पक्षियों को पकड़ने वाले जाल की तरह लोगों को बेतरह उलझाये हुए है और वे उसी गोरखधन्धे में न जाने कितनी बर्बादी भरी विडम्बना का बोझ ढोते हुए मरते–खपते रहते हैं। आज के अज्ञानग्रस्त मस्तिष्कों का यह तथाकथित शिक्षा भी कुछ सुधार नहीं कर पा रही है यह देख कर हैरत होती है। यह विडम्बना यदि बदली न जा सकी तो उलझा मनुष्य और भी अधिक जंजाली उलझनों में फंसता चला जायेगा। मानव–जीवन एक दिव्य विभूति है। अनुपम अवसर और सुरदुर्लभ सौभाग्य है। इसे उन आदर्शों और उत्कृष्ट क्रिया–पद्धति के लिये ही प्रयुक्त किया जाना चाहिये। पर आज लोग जिस हैवानी और शैतानी रीति–नीति को अपना कर मौत के दिन पूरे कर रहे हैं उसे देखते हुए यही कहना होगा कि मनुष्य को न तो अपनी उत्कृष्टता का ध्यान रहा न महानता का। न उसे अपने जीवन का उद्देश्य एवं स्वरूप विदित है और न सदुपयोग की दिशा मालूम है। इन्सान का शरीर ओढ़े शैतान का स्वच्छंद विचरण इस युग की सबसे बड़ी विभीषिका है। यह स्थिति विषम से विषमतर होती चली जा रही है और हम सर्वग्राही, सत्यानाशी, रौरव नर्क में गिरने के लिये द्रुतगति से बढ़ रहे हैं। क्या इस विभीषिका की उपेक्षा करते रहना ही उचित है? क्या इस सामूहिक आत्महत्या को रोकने के लिये हम प्रबुद्ध व्यक्तियों का कुछ भी कर्तव्य नहीं है?

संक्षिप्त खबरें ।

गौनाहा में पूर्व सैनिकों का सम्पन्न हुआ मासिक बैठक, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

गौनाहा / प्रखंड में 28 अप्रैल को गौनाहा के भूतपूर्व सैनिक महमद मजहर आलम के आवास पर भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नरकटियागंज अनुमण्डल के पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष ऑनरी फ्लाइंग ऑफिसर अवधेश चौधरी के द्वारा किया गया। इस बैठक में सूबेदार अवधेश चौधरी , बलिराम चौधरी , हौलदार महमद मजहर आलम और इस्लाम आलम आदि उपस्थित रहे। बैठक में हुई प्रमुख बातें जैसे ओआरओपी , एमएसपी, डिजारबिलिटी पेंशन इत्यादि। वही सूबेदार अवधेश चौधरी ने बताया कि उक्त मांगो को लेकर हमारे देश के भूतपूर्व सैनिक आज भी दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हुए हैं। और हमारे देश की सरकार इसकी संज्ञान नही ले रही है। इससे भूतपूर्व सैनिकों के अंदर भारी असन्तोष और आक्रोश भी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों और चैनलों के माध्यम से हमलोग सरकार तक इस संदेश को सरकार तक पहुंचना चाहते हैं। साथ ही जिला सैनिक बोर्ड ईसीइसएच और सीइसडी कैंटीन की मांग बेतिया जिला में कायम करने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। वही उक्त सैनिकों ने बताया कि भारतीय सैनिक के अंदर शिस्टाचार्य इत्यादि का बहुत महत्व है।

आग लगी में दर्जनों घर जलकर राख

क्षितिज राज

बेतिया/मोतिहारी रविवार को दिन योगा पटी प्रखंड क्षेत्र के सिसवा मंगलपुर पंचायत में लगी आग के कारण दर्जनों घर के साथ पालतू मवेशी जल कर खाक होने कि खबर है आग लगी से लाखों कि संपत्ति नुकसान हुई है तो वही मोतिहारी जिला के रामगढवा थाना क्षेत्र के अधकपरिया पंचायत में बिजली का तार गिर जाने से ननकू मियां एवं सरफराज अहमद की घर जल गया है जिसमें चार चौकी एक बाइक और एक कार जलने कि खबर है बताते चले की इन दोनों दोनों जिलों में अग्नि देवता का तांडव मचा हुआ है कहीं ना कहीं प्रतिदिन घर जल रहे हैं और धर जलने से जहां लोग घर बेघर हो रहें हैं तथा बढती तपिस के कारण बेघर लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है वहीं प्रशासन की ओर से मात्र खानापूर्ति की जा रही है तो एक तरफ चुनावी समर होने के कारण चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अग्नि पिडितो को अश्वासन देने में लगे हैं ताकि उनका वोट बैंक बरकरार रहें।

मोतिहारीः आग ने फिर बड़पाया कहर, आधा दर्जन घर जलकर खाक

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारीः कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मेशैढा गांव में शनिवार की संध्या करीब छह बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई। इस घटना में तीन घर सहित मवेशी का चारा रखा घर जलकर खाक हो गया। वही एक मवेशी की भी झुलसने से मौत गई। आग कैसे लगी इसका कारण स्पष्ट नही हो पाया है। कड़ी मसक्कत के बाद चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे ढाका सीओ सतीश कुमार एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार राय ने मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रण में किया। बताया गया की नरेश पंडित, लक्ष्मण पंडित, नरेश पंडित, रामस्वरूप पंडित,जनक पंडित, रामविलास पंडित अन्य सहित कई लोगों के घर को नुकसान पहुंचा है। बता दे इसी गांव के सटे गोरगावा गांव में बीते गुरुवार को भीषण आगलगी हुई थी जहां करीब 40 से अधिक घर जलकर खाक हो गई वही तीन मासूम की जान भी चली गई थी।

गर्मी से मोतिहारी में 19 फीट नीचे गया भू गर्भीय जलस्तर

लोकतंत्र की आवाज

सर्वाधिक 19 फीट तक भू गर्भीय जलस्तर में कमी दर्ज की गई



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी जिले में प्रचंड गर्मी का असर भू गर्भीय जलस्तर पर पड़ा है। बारिश नहीं होने से अप्रैल माह में ही जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। यह खुलासा पीएचईडी मोतिहारी के द्वारा जलस्तर की पैमाईश के बाद हुआ है। मोतिहारी ब्लॉक क्षेत्र में चार पांच जगह सरकारी हैंड पंप के जलस्तर की जांच की गई। इसमें सर्वाधिक 19 फीट तक भू गर्भीय जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। जबकि सबसे कम संग्रामपुर ब्लॉक में 8.8 फीट जलस्तर में कमी पाई गई है। पीएचईडी के अनुसार यदि प्रचंड गर्मी का सिलसिला जारी रहा तो जून जुलाई में भू गर्भीय जलस्तर में 2 से 3 फीट तक गिरावट आ सकती है। हालांकि विगत जुलाई माह में मोतिहारी में 19.5 फीट तक जलस्तर नीचे चला गया था। जिससे कई इलाकों में हैंड पंप के सूखने की शिकायत विभाग को मिली थी। लेकिन अभी तक पीएचईडी मोतिहारी अंतर्गत हैंड पंप सूखने की सूचना विभाग को नहीं मिली है।पीएचईडी मोतिहारी अंतर्गत 14 ब्लॉक में हुई जांचः पीएचईडी मोतिहारी अंतर्गत 14 ब्लॉक में भू गर्भीय जलस्तर की जांच की गई। इसमें केसरिया में 11.2 फीट, बंजरिया 12.7 फीट, कोटवा 15.7 फीट, पहाड़पुर 15.9 फीट, अरेराज 10.1 फीट, कल्याणपुर 13.6 फीट, हरसिद्धि 12.2 फीट, तुरकौलिया 13.4 फीट, रक्सौल 15.4 फीट, रामगढ़वा 15.4 फीट, पिपरा कोठी 15.8 फीट व सुगौली ब्लॉक में 14 फीट तक भू गर्भीय जलस्तर में गिरावट आई है। विभाग के अनुसार 22 से 25 फीट तक भू गर्भीय जलस्तर में गिरावट आने पर हैंडपंप सूखने लगते हैं। पर आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी पड़ने व बरसात नहीं होने पर भू गर्भीय जलस्तर नीचे जा सकता है। इससे हैंड पंप सूखने की समस्या खड़ी हो सकती है। भू गर्भीय जलस्तर की पैमाईश को लेकर विभागीय स्तर पर टीम गठित की गई थी। इसमें तीन जेई शामिल थे। इसके अलावा विभाग के वरीय अधिकारी भी निरीक्षण किए थे। इस प्रमंडल अंतर्गत भू गर्भीय जलस्तर की जांच की गई है। इस रिपोर्ट को सरकार को भेजी जाएगी।

क्या कहते हैं अधिकारीः पीएचईडी मोतिहारी के सहायक अभियंता ई अमरेश कुमार ने बताया कि प्रमंडल अंतर्गत संबंधित सभी ब्लॉक में भू गर्भीय जलस्तर की जांच की गई है। अभी तक मोतिहारी में सर्वाधिक जलस्तर में कमी पाई गई है। भीषण गर्मी पड़ने पर आगामी माह में जलस्तर में और गिरावट आ सकती है।

बसपा ने वाल्मीकिनगर लोकसभा से उम्मीदवारी हेतु एपी पाठक पर दबाव बनाया

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज

सूत्रों से आई ख़बर ने वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में सनसनी मचा दी है। खबर है कि पुर्व एडीजी, भारत सरकार तथा बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक पर बहुजन समाज पार्टी वाल्मीकिनगर लोकसभा से प्रत्यासी बनाने के लिए गिद्ध नज़र गड़ाए बैठा हैं और संभवतः एपी पाठक बसपा से वाल्मीकिनगर लोकसभा चुनाव लड़ सकते है। बहुजन समाज पार्टी के आलाकमान और साथ ही बसपा का बिहार प्रदेश नेतृत्व श्री एपी पाठक से लगातार संपर्क में है ताकि उनको वाल्मीकिनगर लोकसभा से प्रत्यासी बनाया जा सकें। क्योंकि एपी पाठक की छवि ₹गरीबों के मसीहा₹ और ₹विकासशील पुरुष ₹के रूप में है जिसको बसपा भुनाना चाहती है। संवाददाताओं ने जब बिहार बसपा के प्रदेश नेतृत्व से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि एपी पाठक वाल्मीकिनगर लोकसभा से हमारे पार्टी के सिंबल पर लड़े तो मुख्य लड़ाई में रहेंगे और विजय श्री प्राप्त करेंगे क्योंकि वाल्मीकिनगर लोकसभा में करीब 2 लाख ब्राह्मण और दलित व अनुसूचित जनजाति करीब 3 लाख और इतने ही मुस्लिम वोट भी है। बसपा का समीकरण दलित ,मुस्लिम और ब्राह्मणों को एक साथ साधने की है।एनडीए और महागठबंधन द्वारा किसी ब्राह्मण को प्रत्यासी नहीं बनाने से ब्राह्मण मतदाता भी नाराज है और ऐसे में वो एपी पाठक के साथ जा सकते है उस परिस्थिति में दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण तीनों बहन मायावती की हाथी की सवारी कर सकते है। ऐसे में वाल्मीकिनगर लोकसभा चुनाव का परिदृश्य ही बदल सकता है।ये बात सोच दोनो मुख्य पार्टियां और उनके प्रत्यासी घबराहट के मुद्रा में है। हालांकि संवाददाताओं ने जब एपी पाठक से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का बहुत दबाव उनको आ रहा है साथी ऑफर भी ,परंतु वो इसपर वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के जनता से विचार विमर्श कर ही निर्णय लेंगे। यह सर्विदित है कि एपी पाठक पिछले डेढ़ दशकों से अधिक समय से वाल्मीकिनगर लोकसभा के हर गांव गए , हर पंचायत गए और जनता के बीच रहकर लगातार उनकी सेवा किए जिससे जनता उनको सर माथे पर रखी। जनता जनार्दन भी अबकी बार एपी पाठक जी को बसपा के उम्मीदवार के तौर पर उनको वोट देकर सांसद बना दिल्ली भेजना चाहती है। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है क्योंकि दोनो मुख्य पार्टियों ने प्रत्यासी चयन में योग्य और सही प्रत्यासी का चयन नहीं किया है। यह सर्वविदित है कि वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट यदि भाजपा खेमे में होता तो निःसंदेह एपी पाठक ही प्रत्यासी होते। परंतु जदयू ने यहां परिवारवाद को बढ़ावा देने के लिए यह सीट भाजपा को लेने नहीं दिया।महागठबंधन प्रत्यासी बाहरी है और गन्ना उद्योग चलाते है ।

शुद्ध पेयजल के लिए लाखों की लागत लगे एटीएम मशीन सभी जगहों पर खराब

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से शमशाद अंसारी

बगहा। नगर परिषद प्रबंधन ने दो साल पूर्व नगर के अनुमंडलीय अस्पताल, अनुमंडल कार्यालय , विमल बाबू खेल मैदान और एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग में अंचल कार्यालय के समीप समेत शहर के सात जगहों पर लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए वाटर एटीएम लगाया था। विभाग की सोच थी कि शहर में आने वाले सभी को लोगों सहित आस-पास के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इन जगहों पर वाटर एटीएम लगने के बाद कुछ माह तक लोगों को प्यास बुझ रहा पाया। बताते चलें की उत्तर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्तिथ अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी व आपातकाल में इलाज कराने आए मरीज व उनके स्वजन सहित कर्मियों को भी इसका लाभ मिलता रहा। कुछ दिन के बाद यह खराब हुआ, तो कनीय अभियंता प्रदीप कुमार की देख रेख में इसे ठीक कराया गया था। अब ठंड के मौसम के बाद गर्मी अपनी चरम है। लेकीन नगर में लाखों की लागत से बनी एटीएम मशीन सभी जगहों पर खराब पड़ी है। अनुमंडलीय अस्पताल में आए मरीज पानी के लिए चापाकल या बाहर से पानी क्रय करने को मजबूर हैं। इस संबंध में प्रभारी उपाधीक्षक डॉ के बीएन सिंह ने बताया कि नगर परिषद प्रबंधन को इसे ठीक करने के लिए कहा गया है। लेकीन अभी तक इसको ठिक नहीं कराया गया है। बताते चलें की नगर परिषद के द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सार्वजनिक जगहों पर पानी की इंतजाम किया जा रहा है। वह भी कही दो डब्बे तो कहीं तीन डब्बे अब इतने में कैसे लोग अपनी प्यास बुझाए। लोग पानी खरीद कर पीने को मजबूर है।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पड़ सकतें हैं एनडीए गठबंधन प्रत्याशी पर भारी

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

बेतिया लोकसभा सीट पर पर अब चुनावी लड़ाई दो तरफा हों जाने से और दिलचस्प हो गई है जहां पूर्व में यूट्यूबर मनीष कश्यप द्वारा चुनावी दंगल निर्दलीय उतरने की घोषणा की गई थी लेकिन अब उन्होंने भाजपा का दामन थाम लेने से उनके चाहने वाले समर्थक जहां मायूस हैं वहीं अब उनकी जगह दुसरा विकल्प खोज रहे हैं ऐसी हालत में वर्तमान सांसद डा संजय जयसवाल से नाखुश रहने वाले मतदाता इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनावी समर में उतरे पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी कि ओर झुकाव होने की प्रबल संभावना बन रही है वैसे तो जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ब्राह्मण जाति से आते हैं ऐसे में ब्राह्मण की एक बड़ी आबादी मदन मोहन तिवारी की ओर झुकाव देखने एवं सुनने को मिल रहा है । चुंकि यादव, मुस्लिम तथा बिन मल्हा का मत इंडिया प्रत्याशी को सत प्रतिशत मिलने की संभावना है वहीं कुशवाहा समाज से भाजपा द्वारा पूरे बिहार में एक भी प्रत्याशी नहीं बनाए जाने को लेकर कुशवाहा समाज में भीतर ही भीतर भाजपा के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है कुशवाहा समाज का एक बहुत बड़ा गोल इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की ओर जा सकता है वहीं एनडीए गठबंधन प्रत्याशी को वैश्य, स्वर्ण, कुर्मी कोईरी एवं अन्य जातियों का मत मिलने की पूरी आस है और मोदी मैजिक के कारण चुनाव जीतने की विशवास है परन्तु क्षेत्र में जहां जनता वर्तमान सांसद कार्यों और नीतियों से पूरी तरह खिलाफ है इस संबंध में स्थानीय जनता के केशव बर्नवाल, सुरेश कुशवाहा, प्रभु राम, गोपाल जी प्रसाद, पुण्य देव प्रसाद, केशव तिवारी , धर्मेश पटेल आदि का कहना है उन्हें बेतिया लोकसभा क्षेत्र का विकास करना है न कि दिल्ली कि गंदी का जब स्थानीय प्रतिनिधि की इच्छा विकास करने के लिए प्रबल होती तो इतने सालों में बेतिया लोकसभा क्षेत्र का विकास कहां से कहां तक हो गया रहता । परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ है जबकि अन्य संसदीय क्षेत्र को देखा जाए तो जो मात्र 5 वर्ष के लिए सांसद चुने गए और अपने क्षेत्र का विकास किए हैं उसकी तुलना में बेतिया लोकसभा क्षेत्र बहुत पीछे है पार्टी और जातिवाद से कुछ नहीं होता। विकास की चाह रखने वाले हमेशा विकास करते हैं और पार्टी के नाम पर जीतने वाले के मन में हमेशा पार्टी के नाम पर चुनाव जीतने का भ्रम रहता है अब ऐसा नहीं होगा एक सिट अगर नहीं मिलता तो इससे कोई फर्क भाजपा को नहीं पड़ना चाहिए , रहा क्षेत्र का विकास बार-बार एक ही व्यक्ति को जीत का सेहरा बांधना शोभा नहीं देता किसी दूसरे को भी इस स्थान पर बिठाकर उनके कार्यों को भी देखना चाहिए जब जनता इस प्रकार का जवाब दे और सोचे तो निश्चित ही परिणाम कुछ और निकाल कर आता है। खैर चुनाव में हवा कब किस रूख कि ओर बह जाये यह तो भविष्य के गर्भ में है ।

प्रखंड के 8 मतदान केन्द्रो के मतदाताओं को आईसीडीएस द्वारा किया जा रहा जागरूक, जहां पूर्व में 50 फ़ीसदी से भी कम मतदाताओं ने किया था मतदान

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा । प्रखंड बाल विकास परियोजना के सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षीका, आईसीडीएसकर्मी व प्रखंड के उन आठ मतदान केन्द्रो के समीप कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया, जहां पूर्व में हुए चुनाव में 50 फीसदी से कम मतदान हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए सीडीपीओ कुमारी सुचेता ने बताया कि डरौल पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुस्की के मतदान केंद्र संख्या 288 पर 48.62 प्रतिशत तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसंतपुर के मतदान केंद्र संख्या 296 पर 77.50 प्रतिशत मतदाता ही अपने मत का प्रयोग कर पाए थे। यही कारण है कि उक्त मतदान केन्द्रो के समीप सीडीपीओ कुमारी सुचेता व महिला पर्यवेक्षाका बबीता कुमारी द्वारा स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का विशेष रूप से आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग कर सके। ऐसे ही माधोपुर पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय माधोपुर बैरिया के मतदान केंद्र संख्या 209 पर 48.71 प्रतिशत तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय पकड़ी बिसौली में मतदान केंद्र संख्या 310 पर 50 प्रतिशत ही मतदाता अपने मत का प्रयोग कर पाए थे। उक्त दोनों मतदान केन्द्रो पर सीडीपीओ कुमारी सुचेता की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। पकड़ी बिसौली के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु शाम में कैंडल जलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम मे अइसीडीएस के प्रखंड समन्वयक नविन कुमार गुप्ता, सेविका मंजू देवी, अमृता देवी, अफसाना खातून, अनिता कुमारी, कल्याणी कुमारी आदि शामिल थे।

नरकटियागंज अनुमंडलीय क्षेत्र मे खिलाड़ियों ने मतदाताओ को जगरुक करने के लिये निकाली मतदाता जागरूकता रैली

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

लोक सभा आम निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान हो, साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदाता 25 मई को मतदान करें। इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान नरकटियागंज हाई स्कूल चौक से हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । इस अवसर पर खिलाड़ियों ने मतदाताओं को मत का प्रयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इस संबंध मे नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह व नरकटियागंज अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने वहा आये जनता व खिलाडियो को संबोधित करते हुये कहा की मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान अतिआवश्यक प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। प्रजातंत्र में मत की अत्यधिक आवश्यकता है। 25 मई को पड़ुचम्पारण मे मतदान की तिथि निर्धारित है। हमलोग आप सभी को मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के मतों का अधिकार एक समान है। मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। सभी मतदाता सुबह में ही अपने मत का प्रयोग करेंगे और अन्य मतदाताओं को भी मत देने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी मतदाता मत देने से छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करेंगे। इस अवसर पर नरकटियागंज एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता , एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह,शिकारपुर थाना अध्यक्ष आईपी अवनीश कुमार बीडीओ सुधांशु शेखर,समाजसेवी वर्मा प्रसाद ,सुनील वर्मा,संतोष राज,भोला शर्मा आदि शामिल रहे।

गौनाहाः सेमरी डुमरी में आदिवासी संघर्ष मोर्चा का बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

केंद्र सरकार आदिवासियों के अधिकार को करना चाहती है समाप्तः नंदकिशोर महतो

गौनाहा। प्रखंड के रूपवालिया पंचायत सेमरी डुमरी हाई स्कूल के बगीचा मे शनिवार को आदिवासी संघर्ष मोर्चा का बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता आदिवासी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर महतो ने किया एवं संचालन आदिवासी संघर्ष मोर्चा के उपाध्यक्ष शंकर उराव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा माले के सीकटा, मैनाटांड़ के विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता गौनाहा प्रखंड सचिव लालजी प्रसाद यादव भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए आदिवासी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर महतो ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों की अधिकारों को खत्म कर रही है। हमारे संविधान को संशोधन के नाम पर खत्म किया जा रहा है। केंद्र सरकार आरक्षण को खत्म करने की बात करती है। वाल्मीकि टाइगर प्रोजेक्ट के किनारे बसे हुए यह आदिवासी बहुल इलाका है। यहां पर बालू पत्थर का खनन होता था, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलता था,जो आज बंद पड़ी है। लोगों को रोजी रोजगार के चक्कर में शहरों में पलायन करना पड़ रहा है। रोजी रोजगार चौपट किया जा रहा है। माननीय विधायक कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार तानाशाही की सरकार है। जो संविधान बदलने की बात करता है। आदिवासियों के अधिकारों को खत्म कर रहा है। ऐसी सरकार को बदलने की जरूरत है। देश के सारे संसाधन पूंजीपतियों के हाथ में सौपा जा रहा है। जनता के अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। आम लोगों से अपील किया की महागठबंधन के पक्ष में वोट करें। महागठबंधन के उम्मीदवार को मजबूती के साथ जीत की गारंटी करें। बैठक में उपस्थित रमाशंकर महतो, मदन चौधरी, भिखारी उरांव, कमल उरांव, लक्ष्मण महतो,चंदेश्वर महतो,भगत जी, ध्रुव जी, सरबजीत जी,चमारी महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसडीपीओ बगहा के नेतृत्व में चलाया गया मझौवा धांगड टोली में शराब धंधेबाजों के विरुद्ध छापेमारी, 250 लीटर अर्ध निर्मित शराब विनिष्ट

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा

बगहा:लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपुर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बगहा पुलिस कमर कस लिया है। तथा शराब धंधेबाजों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए लगातार प्रयासरत है। रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कुमार देवेन्द्र के नेतृत्व में चौतरवा थाना क्षेत्र के मझौवा धांगड टोली व तिरहुत गंडक नहर के समीप शराब धंधेबाजों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाई गई। जहां छापेमारी के दौरान लगभग 250 लीटर से अधिक अर्धनिर्मित शराब को विनिष्ट किया गया । एसडीपीओं कुमार देवेन्द्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बगहा पुलिस कृतसंकल्पित है। उन्होंने बताया कि शराब धंधेबाजों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाने के लिए बगहा पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। तथा शराब कारोबारियों के मनसुबे को ध्वस्त करने लिए बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मुहिम छेड़ रखी है। ताकि शराब धंधेबाजों की कमर तोड़ी जा सके। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान के क्रम में मझौवा धांगड टोली समेत आसपास के क्षेत्रों व तिरहुत गंडक नहर के झाडियों में व्यापक व सधन छापेमारी अभियान चला कर 250 लीटर अर्धनिर्मित शराब बरामद किया गया, तथा विनिष्ट की गई। पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए चौतरवा पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। चौतरवा पुलिस की इस कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में हडकंप मच गया है। इस अवसर पर बथवरिया थानाध्यक्ष कामेंश कुमार, सब - इन्स्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह, वाल्मीकि प्रसाद समेत कई पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें ।

शिवशक्ति महा यज्ञ हेतु विशाल कलश यात्रा निकाली गई

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। श्री श्री 108 श्री बाल संत त्यागी जी महाराज के तत्वाधान में 156वां नंबर यज्ञ मधुबन टोला शीतला स्थान ओलापुर, श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ का कलश यात्रा जल भारी कार्यक्रम का उद्घाटन सभी सम्मानित ग्राम वासियों के साथ मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। धन्य है हमारे ग्राम ओलापुर के ग्रामवासी। मैं अपने दिल की गहराई से सभी का आभार प्रकट करता हूं। बैसाख की चिलचिलाती धूप मे भी महिलाओ और लड़कियों ने माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे।मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी बबलू यादव , संतोष यादव , भरत यादव , अरुण यादव बुटाई यादव अरुण यादव ,मंगल यादव,बबन यादव, गोपाल यादव बासुकी यादव, सियाराम यादव सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कामरेड भगवान पासवान का निधन

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती।पीरपैंती प्रखंड के सुंदरपुर गांव निवासी कामरेड भगवान पासवान का लंबी बीमारी से निधन हो गया ।विगत कुछ महीनो से बीमार थे । चिकित्सकों के रेख देख में इनका इलाज चल रहा था। सुबह 4:00 बजे उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे प्रखंड में शोक की लहर फैल गए। वह अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर के ब्रह्मलीन होगा। निधन की खबर सुनते शोक व्यक्त करने वालों में जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, प्रखंड जेडीयू अध्यक्ष विवेकानंद, प्रखंड राजद अध्यक्ष उत्तरी रंजीत साह ,झुंपा सिंह, ,राम लखन तांती, ,प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, कुंदन , सहित अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

चुनाव कार्यालय में पसरा सन्नाटा

केदार नाथ पाण्डेय।
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड में सभी बूथों पर शुक्रवार को शांति पूर्वक चुनाव संपन्न होने के बाद सभी उम्मीदवार के समर्थक वोट के जोड़ घटा गुणा भाग में जुड़ गए हैं। सभी कार्यकर्ता अपने–अपने पार्टी की जीत का दावा कर रहे हैं। कुछ समर्थक तो खुले आप सोशल मीडिया पर प्रत्याशी को जीत तक अपनी बधाई दे दिए ।चुनाव संपन्न होते हैं विभिन्न पार्टी चुनाव कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। पिछले 20–25 दिनों से पार्टी कार्यालय में जो रौनक दिखी थी, वह अब रफू चक्कर हो चुकी है ।वाहनों का लंबा काफिला, ताम झाम, सज्जा सजावट सब धीरे–धीरे हटने लगा है। रविवार को इक्का–दुक्का कार्यकर्ता कार्यालय में नजर आए। वह भी चुनाव का गुणा भाग करते हुए नजर आए।

आज से जिले के विद्यालयों अध्यापन का समय बदला

केदार नाथ पाण्डेय।
पीरपैंती। बढ़ते हुए भीषण लू और गर्मी के प्रभाव से जिले के प्रमुख विद्यालयों में अध्यापन के समय में बदलाव किया गया है। कक्षा या 8 से 10 तक चलेगी। माननीय जिला पदाधिकारी निर्देशानुसार सभी विद्यालयों को सुचना दे दिया गया है। बच्चों को गर्मी में परेशानी होती है। कुछ बच्चों लू के चपेटे मे आ गए थे। विद्यालय के बदले हुए समय का अभिभावकों ने समर्थन किया है।

नीतीश कुमार को कोई दिल से बीमार करने वाला व्यक्ति है तो वह है चिराग पासवान : अशोक सिंह पटेल

नीतीश कुमार बीमार हो चलें हैं तो उसका कारण लोजपा (रा) के सुप्रीम चिराग पासवान है। जिसने नीतीश कुमार को दिमाग से ही नहीं दिल से बीमार कर दिया है

लोकतंत्र की आवाज,

खगड़िया। विधानसभा के पूर्व समता पार्टी के प्रत्याशी सह जदयू के वरिष्ठ नेता व अखिल भारतीय कुर्मी समाज के राष्ट्रीय सचिव अशोक सिंह पटेल ने कहा कि आज कोई कहता है कि नीतीश कुमार बीमार हो चलें हैं तो उसका कारण लोजपा (रा) के सुप्रीम चिराग पासवान है। जिसने नीतीश कुमार को दिमाग से ही नहीं दिल से बीमार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अभी जब 2024 का लोकसभा चुनाव आया है तो चिराग पासवान कहते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे गठबंधन के साथ हैं,हम सभी एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं इसलिए आप सभी जदयू के लोग लोजपा (रा) के प्रत्याशी को अपार मतों से जिताने का काम करें। लेकिन इसके उलट जदयू के वरिष्ठ नेता सह कुर्मी समाज के राष्ट्रीय सचिव अशोक सिंह पटेल कहते हैं कि एक समय था कि चिराग पासवान ने ही जदयू को काफी पीछे ले गया लेकिन अब चिराग पासवान का समय आया है तो खगड़िया में चिराग पासवान अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए जदयू के वोटर से समर्थन करने को कह रहे हैं। अशोक सिंह पटेल ने कहा कि भले ही नीतीश कुमार जी चिराग पासवान को माफ कर दें, लेकिन खगड़िया

लोकसभा समेत बिहार के कुर्मी समाज चिराग पासवान को माफ करने नहीं जा रहा है। चिराग पासवान का उम्मीदवार जिस भी सीट से चुनाव लड़ रहा है वहा के कुर्मी समाज इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी को वोट करने जा रहे हैं। मालुम हो कि खगड़िया लोकसभा में 7 मई को मतदान होना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया लोकसभा सीट से जहां एक तरफ लोजपा (रा) पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से अपने प्रत्याशी राजेश वर्मा को जीत दिलाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सीपीआई (एम) के प्रत्याशी संजय कुमार कुशवाहा को जीत के लिए कोई कोर कसर छोड़ने की फिराक में नहीं है। इण्डिया गठबंधन ने खगड़िया लोकसभा में जाति समीकरण को देखते हुए अपने उम्मीदवार के रूप में संजय कुमार कुशवाहा को खगड़िया लोकसभा सीट से सीपीआई (एम) पार्टी से मैदान में उतारा है । ऐसे में लोजपा (रा) प्रत्याशी राजेश वर्मा को खगड़िया के किले को फतह कर पाना आसान नहीं होगा । क्योंकि खगड़िया लोकसभा सीट पर स्थानीय उम्मीदवार को नहीं देना चिराग पासवान के लिए सिर दर्द बन चुका है। दिवंगत रामविलास पासवान के गृह जिला खगड़िया में लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान के लिए एक तरफ जहां खगड़िया लोकसभा सीट प्रतिष्ठा बन चुका है तो वहीं दूसरी तरफ लोजपा (रा) प्रत्याशी को लेकर खगड़िया लोकसभा में लोजपा (रा) पार्टी समेत एनडीए सहयोगियों को भी सहेजना खगड़िया लोकसभा में चिराग पासवान के लिए टेढ़ी खीर के समान है। हलांकि एनडीए गठबंधन की तरफ से एक जुटता की बात कही जा रही है। लेकिन इसके बाबजूद भी बताया जा रहा है कि पार्टी प्रत्याशी को लेकर कुछ लोजपा (रा) खेमा, कुछ जदयू खेमा तो कुछ भाजपा खेमा में चिराग पासवान के प्रति नराजगी चल रहा है। हाल ही में खगड़िया लोकसभा से 2014 एवं 2019 के लोजपा से रहे निवर्तमान सांसद चौधरी महबूब अली कैसर लोजपा को छोड़कर महागठबंधन के राजद में शामिल होकर चिराग पासवान को एक बड़ा चुनौती दिया है तो वहीं खगड़िया लोकसभा के अलोली विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके राष्ट्रीय लोजपा सुप्रीम पशुपति कुमार पारस भी चिराग पासवान से नराज चल रहे हैं, जिसका खामियाजा भी लोजपा (रा) पार्टी प्रत्याशी राजेश वर्मा को भुगतने से इंकार नहीं किया जा सकता है । अब देखना है कि इस सब चुनोतियों को स्वीकार करते हुए चिराग पासवान अपने गृह जिला खगड़िया में अपने पिता की विरासत को बचा पाते हैं या नहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया लोकसभा से मुख्य रूप से इण्डिया गठबंधन से सीपीएम के प्रत्याशी संजय कुमार कुशवाहा हैं तो वहीं एनडीए गठबंधन से लोजपा (रा) के प्रत्याशी राजेश वर्मा हैं । ज्यों ज्यों चुनाव नजदीक आते जा रहा है त्यों त्यों प्रत्याशी अपने अपने समर्थन के लिए अपने घटक दलों के सहयोगियों के साथ जनता के बीच जाकर अपने अपने गठबंधन के आला कमान के वादे से जनता को अवगत करा रहे हैं लेकिन जनता वर्तमान जनसमस्याओं को लेकर नेता जी एवं उनके सहयोगियों की बातें को अनसुना कर रहे हैं। जो पार्टी प्रत्याशियों को परेशानी में डाल रखा है। दबी जुबान को लिया जाए तो पार्टी प्रत्याशी को खगड़िया लोकसभा में भीतरघात का सामना से इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि घटक दलों के नेताओं में ही अपने अपने सम्मान को लेकर एक दूसरे से नराजगी चल रही है। जिसका खामियाजा पार्टी प्रत्याशी को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो समय आने पर पता चलेगा कि खगड़िया लोकसभा की जनता किस ओर करवट लेंगे। जनता का खामोशी पार्टी प्रत्याशी के धड़कन को तेज कर रखा है। चुनाव को लेकर अभी तक ग्रामीण जनता में उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है।

2024 के लोकसभा चुनाव में महिला चलाएगी मतदाता जागरूकता अभियान : बंदना सिंह

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर
समस्तीपुर । इंडिया गठबंधन से जुड़े पार्टियों के महिला सेल के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मथुरापुर में ऐपवा जिला अध्यक्ष बंदना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बतौर अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अबू तमीम एवं भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। बैठक में ऐपवा जिला अध्यक्ष सह भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह,राजद महिला सेल के पिंकी राय,महिला कांग्रेस के देविता कुमारी गुप्ता,भाकपा महिला सेल की सीता सिंह आदि बैठक में अपने–अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में चुनावी रणनीति के तहत घर–घर चलो अभियान चलाने,महिला संपर्क अभियान चलाने,महिला बैठक करने, पर्चा एवं घोषणा–पत्र वितरण करने, नुक्कड़ सभा करने,मतदाता जागरूकता अभियान समेत अन्य निर्णय लिया गया। मौके पर बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी पलायन,भ्रष्टाचार एवं लोकतंत्र–संविधान के लिए खतरा बन चुकी मोदी सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन के समस्तीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी एवं उजियारपुर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार आलोक कुमार मेहता को भारी मतों से जीताकर संसद भेजने की अपील आमजनों से किया गया।

मोतिहारी: लियो क्लब द्वारा छोटे बच्चों के बीच बांटी गईं शिक्षण सामग्री

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। गोढवा चौक,मधुबनी रोड स्थित डेवलप कोचिंग सेंटर में ईस्ट चम्पारण लियो क्लब द्वारा इंटरनेशन लियो प्रोजेक्ट शिक्षा 2.0 के अंतर्गत लगभग 93 छोटे छोटे बच्चो को हिंदी राइटिंग और इंग्लिश राइटिंग की किताबे, पेंसिल,रबर, इंग्लिश हिंदी डिक्शनरी,बिस्कुट और चॉकलेट का वितरण किया गया,साथ ही लियो अंकित प्रकाश और अन्य लियो सदस्यों द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण शिक्षा दी गई। जिसमें उन्होंने बच्चों को गर्मियों में अपने आप को सेहत मंद रखते हुए, किस प्रकार हम स्वच्छता बनाए रख सकते है, साथ ही साथ समाज में गुड टच,बैड टच एवं उसके खिलाफ आवाज उठाना, और

अपना परिचय देना सिखाया गया। इस प्रोजेक्ट के ऊपर प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लियो शुभम सर्राफ ने अपना विचार रखा की बच्चों में नई विकास की भावना उत्पन्न हो, वो शिक्षा को सरल तरीके से ग्रहण कर सके इसके लिए ही ये आयोजन किया गया है। इस प्रोजेक्ट को महत्वपूर्ण रूप से सफल बनाने में डेवलप कोचिंग संस्थान के संस्थापक विकास कुमार, टीचर रंजन कुमार , टीचर विकास का योगदान रहा।इस प्रोजेक्ट को सुचारू रूप से संचालन करने में क्लब के अध्यक्ष आशुतोष नारायण, सचिव लियो आदित्य जयसवाल, कोषाध्यक्ष अर्जुन सरदार, प्रथम उपाध्यक्ष अभिजीत श्रीवास्तव, दूसरे उपाध्यक्ष लियो आदित्य रंजन, पूर्व अध्यक्ष लियो शुभम गुप्ता, मीडिया प्रभारी लियो शुभम सर्राफ, टेक्निकल प्रभारी लियो रोहन श्रीवास्तव, लियो क्लब के डायरेक्टर लियो राहुल प्रियदर्शी , वरीय सदस्य लियो अंकित प्रकाश, लियो अर्पित प्रकाश, लियो पुष्पम सिंह द्वारा पूरे दृढता पूर्वक प्रोजेक्ट को सफल बनाने का काम किया गया । साथ ही साथ बच्चो को अच्छी शिक्षा, शिष्टाचार एवं बड़ो का सम्मान करना सिखाया गया। बच्चों में खुशी की लहर थी बच्चे बहुत ही उत्साहित थे और उनमें दृढ़ संकल्प दिखा।

छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज,

समस्तीपुर
समस्तीपुर । जिले के खगड़िया लोकसभा अन्तर्गत 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में हसनपुर कॉलेज हसनपुर रोड की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साइकिल जुलूस निकला और मतदाताओं को मतदान जागरूकता को लेकर विधानसभा क्षेत्र में सबसे पहले मतदान फिर जलपान के नारे के साथ अधिक से अधिक मतदान करने और अपने नजदीकी, निकटतम लोगों से भी करवाने की गुजारिश की और ग्रामीण मतदाताओं से आश्वासन लिया कि वे सब के सब मिलकर 7 मई को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान जरूर करेंगे। लोकतंत्र में मतदान देश का महापर्व है और हमारा गर्व भी है। इसी भावना को प्रसारित करते हुए साइकिल जुलूस में 140 हसनपुर विधानसभा सभा क्षेत्र के

बूथ संख्या – 156,157,158,159,160,161, 162 175,179,176 सहित पूरे क्षेत्र के कई अन्य बूथ की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के साइकिल जुलूस में हिस्सा लिया। ज्ञातव्य हो कि हसनपुर कॉलेज हसनपुर रोड लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु पिछले महीने 7 मार्च से ही सघन रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है । हसनपुर कॉलेज हसनपुर रोड के प्राचार्य चक्रपाणि हिमांशु ने बताया कि चुनाव आयोग एवं प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मत डालने की इतनी सुविधा उपलब्ध कराने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में दो चरणो के हुए मतदान में मतदान प्रतिशत अनुकूल नहीं होना चिंता का विषय है । प्राचार्य चक्रपाणि हिमांशु ने हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में क्षेत्र के हर प्रबुद्ध नागरिकों का कर्तव्य है कि वे मतदाताओं को जागरूक करें ताकि एक भी मतदाता बूथ तक पहुँचने से वंचित न रह जाएँ। उन्होंने युवाओं मतदाताओं एवं क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अपील किया है कि वे सभी अपने अपने स्तर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान का अधिक से अधिक प्रतिशत शुनिश्चित करवाने में मददगार बनकर लोकतंत्र महापर्व को विजयी बनावें।

रबी फ़सल के उत्पाद के भंडारण में हमें सजग रहने की जरूरत है : विदुर जी झा

लोकतंत्र की आवाज,

हसनपुर/समस्तीपुर
हसनपुर। वर्तमान रबी फसलों के भंडारण में हमें काफी सजग रहने की जरूरत है। इस बाबत बिहार सरकार के कृषि विभाग के अंतर्गत प्रखंड में कार्यरत वरिष्ठ किसान सलाहकार सुभाषचंद्र झा उर्फ विदुर जी झा ने हसनपुर प्रखंड क्षेत्र के औरा पंचायत स्थित पटसा पंचायत सरकार भवन के सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान बताया की वर्तमान में हमारे रबी फसल के अंतर्गत आनेवाले मुख्य फ़सल गेंहू के भंडारण में हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए की इसमें रासायनिक पदार्थों का प्रयोग नहीं के बराबर हो सके। इसके लिए हमें कोठी के सतह वाले भाग में नीम के पत्ते रखकर गेहूं का सुरक्षित भंडारण करना चाहिए। इसके अलावा बाज़ार में उपलब्ध 50 किलोग्राम तक भंडारण करने वाले प्लास्टिक के पन्नी में डालकर उसे बोरा

में सुरक्षित रूप से रख सकते है। इस प्रकार उपरोक्त दोनों विधियों के माध्यम से हम अपने रबी के फसल का सुरक्षित रूप से भंडारण कर सकते है। मौके पर किसान प्रभाषचंद्र झा,कामाख्या मिश्र, शशिकांत मिश्र,गुणेश्वर मुखिया,अर्जुन महतो,रामचंद्र महतो,अजय महतो सहित कई गणमान्य किसान मौजूद थे।

केसरिया: सत्तरघाट पुल के नीचे एक अज्ञात लड़की का शव बरामद,जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज,

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी: केसरिया में शनिवार को गंडक नदी पर बने सतरघाट पुल के नीचे एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। वही मौके पर केसरिया पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि शव की पहचान नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार तरबूज की खेती करने वाले किसान शनिवार को नदी किनारे फ़सल की सिंचाई करने गए थे। इसी क्रम में पुल के 13 नंबर पाया के पास एक बोरा में संदिग्ध वस्तु देखा,जिसके बाद पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोरा को खोला तो उसमें करीब 21 वर्षीय एक लड़की का शव एवं डॉन

मार्का का सात ईंट रखा हुआ पाया। ईंट से युवती के चेहरे पर बुरी तरह से प्रहार किया गया था। सूत्रों की मानें तो आशंका जताई जा रही है कि युवती की कही और हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है। वही बिजधरी ओपी प्रभारी राजीव कुमार ने कहा है कि शव की पहचान नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम करा कर शव को 72 घंटे तक रखा जाएगा। जिससे की उसकी पहचान हो सके। फ़िलहाल मामला दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

फुटानीमोड चेकनाके में ओवरलोड भारी वाहन व एक ओवरलोड ट्रैक्टर जब्त

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा । बरहरवा अंचल प्रसाशन व थाना पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए कार्यवाही तेज कर दी है,जानकारी के अनुसार रविवार को बरहरवा अंचलाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत फूटानीमोड चेकनाके के समीप से एक अवैध परिचालित ओवरलोड भारी वाहन संख्या हइ 57 ए 6123 को जब्त कर बरहरवा थाना पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु सुपुर्द कर दिया है,वही दूसरी ओर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह चेकनाके में अवैध रूप से परिचालित ओवरलोड गिट्टी लदें ट्रैक्टर को धर दबोचा है जानकारी के अनुसार धराये ट्रैक्टर प्रसाशन की आँखों में धूल झोंककर अवैध रूप से बिना

माइनिंग के प.बंगाल पत्थरों की तस्करी करने की फिराक में था,जिसकी सूचना पुलिस को भी रोज मिल रही थी इसी क्रम में थाना प्रभारी ने जाँच अभियान चला कर अवैध परिचालित वाहन को दबोचा है,उन्होंने बताया कि वाहन पर अग्रेषित विधिवत कार्यवाहीं हेतु खनन विभाग को भेजी जाएगी ,तत्पश्चात प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं कि जाएगी,पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।वहीं चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित हो इसके लिए भी प्रसाशन द्वारा जाँच अभियान व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर लगातार अभियान संचालित कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

शराब पीकर हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के माफी गांव निवासी टिंकू कुमार को शराब पीकर घर में हंगामा करना महंगा पड़ गया।हंगामा करने की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात लगभग एक बजे रात में शराब पीकर युवक हंगामा कर रहा था।किसी ने डायल नं 112 नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया।बता दें कि स्थानीय थाने में पुलिस बलों से युक्त दो डायल 112 नंबर वाहन उपलब्ध करायी गयी है, जो 24 घंटा लोगों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करने के लिए सड़क पर उपलब्ध है।

हत्या मामले में पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बाजपुर गांव निवासी दिलखुश कुमार की पत्नी पूजा देवी की हत्या मामले में पुलिस ने तीन अप्राथमिकी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि राधेश्याम सिंह, नीरज कुमार एवं उर्मिला देवी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि मृतका के पति दिलखुश कुमार ने अपने चाचा राधेश्याम सिंह के घर पर बैठकर विवाहिता की हत्या की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि इनलोगों ने हत्या में सहयोग एवं अहम भूमिका निभाई। इस कारण इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 20 अप्रैल को मृतका की हत्या की प्राथमिकी लखीसराय जिला के हलसी थाना के चौरही निवासी प्रमोद सिंह की पत्नी एवं मृतका की मां नगीना देवी ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें पति सहित परिवार के अन्य सदस्यों को नामजद बनाया गया। पुलिस को अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि हत्या की योजना पूर्व में ही बना ली गई थी। योजना के अनुसार करंट लगाकर विवाहिता की हत्या कर दी और हल्ला उड़ाया गया कि पंखे में फांसी लगाकर उसने आत्महत्या कर ली। इसके बाद मृतका के शव को गायब कर दिया गया। पुलिस को अबतक मृतका की लाश बरामद नहीं हुई है। लाश की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। वहीं अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर 550 लोगों पर धारा–107 की हुई कारवाई

लोकतंत्र की आवाज

तरैया (सारण)। लोकसभा निर्वाचन की बिगुल बजते ही चौक–चौराहों और हाट–बाजारों में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। तरैया में इस बार दो हजार नए युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। जिनकी उम्र 18 वर्ष है। वे युवा इस वर्ष पहली बार मतदान करेंगे। तरैया में कुल 109251 मतदाता है। जिसके लिए 111 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें 23 संवेदनशील मतदान केंद्र है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि इस बार मतदाता सूची में 3600 नए मतदाता का नाम जोड़े गए है। जिसमें 2000 वैसे युवा है जिनकी उम्र 18 वर्ष है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र के 550 लोगों पर स्थानीय थाने में धारा–107 की कारवाई की गई है। वहीं 24 असामाजिक तत्वों पर सीसीए की कार्रवाई की गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि अब तक पांच सौ लोगों ने धारा–107 में जमानत ले चुके है। तथा जिन पर सीसीए की कार्रवाई की गई है उनकी हाजिरी प्रतिदिन थाने में ली जा रही है।अन्य असामाजिक तत्वों की भी पहचान की जा रही हैं। उन पर भी की जा रही है।

मुजफ्फरपुर मुशहरी में कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद का जोरदार अभिनन्दन इंडिया गठबंधन में गजब का उत्साह

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर, मुशहरी । मुजफ्फरपुर संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद जी का गठबंधन के सभी दलों के मुशहरी प्रखंड के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार अभिनन्दन किया। रविवार को मुशहरी स्थित बाबू नानू सिंह हेरिटेज में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में श्री अजय निषाद जी की उम्मीदवारी को लेकर सभी दलों के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला।

कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद और कांग्रेस के मुजफ्फरपुर जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल, मुशहरी प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण बिहारी सिंह, के अलावा राजद के बोचहां विधायक अमर पासवान, राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता, वीआईपी जिलाध्यक्ष महावीर सहनी, सीपीआई राज्य सचिव अजय सिंह, सीपीआईएमएल जिला सचिव व प्रदेश समिति सदस्य कृष्ण मोहन, सीपीएम सचिव मो गफ्फार समेत सभी घटक दलों के सभी पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत अध्यक्ष, बूथ कमिटी मेम्बर, नेता व पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक राज की हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज

- वारिसलीगंज–खरांठ पथ पर शुक्रवार की शाम जगदंगा धर्मकांटा के पास हुई घटना

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज–खरांठ पथ पर शुक्रवार की शाम जगदंबा धर्मकांटा के पास सड़क दुर्घटना में जख्मी ठेरा निवासी बब्लू सिंह का पुत्र 20 वर्षीय राज की मौत हो गयी है। वहीं दूसरा पटना स्थित निजी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। गांव के युवक की मौत से ठेरा गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। घटना बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है।

ग्रामीण बताते हैं कि अभी दो माह पहले ही मृतक के बहन की शादी हुई थी, उसी दौरान युवक का जनेउ संस्कार हुआ था। ग्रामीण सह प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष सुबोध सिंह ने बताया की बब्लू सिंह को एक पुत्री समेत कुल तीन संतान है। दो माह पहले मृतक के बहन की शादी समारोह पूर्वक हुई थी। बड़े पुत्र की मौत के सदमे से बब्लू सिंह का पूरा परिवार गमजदा है। मृतक की माता बंटी देवी, पिता, छोटा भाई प्रकाश कुमार और हाल ही में ब्याही गयी बहन रिशु कुमारी का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है। ज्ञात हो कि शुक्रवार की शाम माफी ग्रामीण विलास सिंह का पुत्र प्रद्युम्न उर्फ सौरभ कुमार के साथ बाइक से खरांठ की तरफ से वारिसलीगंज आ रहा था। रास्ते में जगदंबा धर्मकांटा के पास बाइक को किसी वाहन ने ठोकर मार दी थी। फलतः दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। दोनों को इलाज के लिए नवादा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सौरभ को पटना रेफर कर दिया गया, जबकि ठेरा के राज को मृत करार दिया। बाद में पोस्टमार्टम करा पुलिस युवक के शव को परिजन को सौंप दिया।

जख्मी सौरभ की हालत में सुधार की बात बतायी जा रही है। हेलमेट पहने होता तो संभव है बच जाती युवक की जान : घटनास्थल पर पहुंचे लोगों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में दोनों युवक के सर में गंभीर चोटें आयी थीं। मृत युवक के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें लगी थीं, जिस कारण घटनास्थल पर ही काफी मात्रा में सड़क पर खून बह गया था, जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से जख्मी माफी निवासी सौरभ के चेहरे पर गंभीर चोटें आयी हैं, जिसका इलाज पटना में किया जा रहा है। लोग बताते हैं कि अगर युवक हेलमेट पहने होता तो संभव है सिर में चोट नहीं लगती और युवक की जान बच जाती।

गायघाट में एक युवक की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी है पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

- प्रेम प्रसंग में हत्या की जताई आशंका

गायघाट। थाना क्षेत्र के कमरथु में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। हत्या की घटना के बाद आसपास के सभी इलाकों में हड़कंप मच गया हैं।प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में पहुंच गए । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष पुरषोत्तम यादव ने बताया कि सूचना मिली है कि एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। तुरंत घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हत्या चाकू से किया गया है। गला बुरी तरह रेत दिया हैं। मृतक की पहचान बेनीबाद थाना क्षेत्र के भरतनगर गांव निवासी हरिवंश राय के पुत्र निरंजन कुमार (23) वर्षीय के रूप में हुई हैं।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया हैं ।

महाराजगंज लोकसभा से 6 मई को निर्दलीय नामांकन करेंगे पूर्व सांसद प्रभु नाथ सिंह के पुत्र व पूर्व विधायक रणधीर सिंह

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक के यदु मोड़ पर शिव भवानी कोल्ड स्टोरेज के परिसर में पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र व पूर्व विधायक रणधीर सिंह की तरफ से लोकसभा चुनाव को लेकर जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगों ने पहुंच कर पूर्व विधायक रणधीर सिंह को आशीर्वाद दिया। इस अवसर आयोजित जन आशीर्वाद सभा की अध्यक्षता विक्रमा सिंह ने किया।

वहीं मौके पर विधायक केदारनाथ सिंह, युवराज सुधीर सिंह, वीरेंद्र ओझा, पशुपति सिंह, राणा दीपू सिंह, जौहर सफियाबादी समेत अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहें।

पूर्व विधायक व महाराजगंज लोकसभा प्रत्याशी रणधीर सिंह ने राजद पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए मंच से घोषणा किया कि आगामी 6 मई को वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। इसके लिए एक कमिटी का गठन भी किया गया है। वहीं रणधीर सिंह का जेसीबी मशीन के ऊपर चढ़ कर फूलों से जोरदार स्वागत भी किया गया।

राजेश पांडेय बनाए गए जेपीयू के मीडिया प्रभारी

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। शनिवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी के रूप में राजेश पांडेय की नियुक्ति की गई। इस आशय का पत्र जारी करते हुए जेपीयू के कुल सचिव डॉ रंजीत कुमार ने सूचित किया है कि राजेश कुमार पाण्डेय, महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य) कोषांग को अपने कोषांग के वर्तमान दायित्वों के साथ–साथ जय प्रकाश विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया जाता है। वे जनसंपर्क से संबंधित कार्यों को भी निष्पादित करेंगे। आवश्यकतानुसार प्रेस विज्ञप्ति जारी करेंगे और प्रेस ब्रीफिंग करेंगे।

विश्वविद्यालय स्नाताकोत्तर विभागाध्यक्ष, सभी प्राचार्य, विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यालय प्रभारी अपनी बैठकों/कार्यक्रमों की सूचना/प्रेस विज्ञप्ति राजेश कुमार पाण्डेय के मो.नं.–9709538660 पर वाहट्सएप के माध्यम से ससमय उपलब्ध कराएंगे। उक्त आशय का पत्र जेपीयू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई के आदेशानुसार कुल सचिव ने निर्गत किया है। श्री पांडेय के मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ साथ मीडिया से जुड़े उनके साथियों में ई के के सिंह सेंगर, संजय कुमार पाण्डेय, रुचि कमल सिंह सेंगर, हरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह आदि ने हार्दिक शुभकामनाएं व बधाइयां दी है।

मेसकौर में गर्मी परमान पर, पानी की भारी किल्लत, ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान

लोक तंत्र की आवाज

विवेक कुमार

मेसकौर (नवादा)। जिले के मेसकौर प्रखंड के संपूर्ण क्षेत्र में लोग 09बजे के बाद सड़क पर चलना मुनासिब नहीं समझता। इस भीषण गर्मी के साथ–साथ प्रखंड क्षेत्र में पानी की भी भारी किल्लत देखने को मिल रहा है। मेसकौर प्रखंड के मेसकौर पंचायत पानी की समस्या से सर्वाधिक प्रभावित पंचायत है। मेसकौर गांव स्थित वार्ड संख्या 04 में अवधेश प्रसाद के घर के समीप पड़े सरकारी चापाकल कई महीनो से खराब पड़ा है। अवधेश प्रसाद के साथ कई ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी चापाकल बनाने के लिए सरकार की तरफ से नंबर भी जारी किया गया है, लेकिन बस केवल दिखावे का ही है। इस पर कोई भी अधिकारी संज्ञान नहीं लेते।

वहीं मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी पंचायत के कई गांव के लोगों पानी पीने के लिए भटक रहे हैं। बिसिआईत गांव के अनुसूचित टोला के 30 – 40 घरों के लोग गांव स्थित सरकारी विद्यालय में लगे हैंडपंप से पानी लाकर प्यास बुझा रहा है।

पसाढ़ी गांव स्थित वार्ड नंबर एक सरकारी चापाकल है। जिससे कई घरों की प्यास बुझ रही थी। परंतु पिछले कई दिनों से चापाकल खराब होने के कारण लोग परेशान दिख रहे हैं। पसाढी गांव निवासी रंजीत यादव, रतन मिस्त्री, गौरी देवी व सुमित्रा देवी बताती है कि इस सरकारी चपाकल खराब होने के कारण हम सबको पानी की भारी किल्लत हो रही है।

उपस्थित लोगों ने कहा कि चापाकल के जलस्तर नीचे जाने के कारण पानी नहीं दे पा रहा है। एक बार लोकसभा चुनाव स ठीक पहले हैंडपंप वाले चपाकल बनाने के लिए आए भी थे। लेकिन समान नही होने के बहाना बनाकर चले गए। आज लगभग 10 दिन बीत गए लेकिन चापाकल बनाने के लिए नहीं आये। जिससे हम सभी की दिक्कत और बढ़ गई है।

रजौली में बिजली चोरी करने के मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। बकाया बिजली बिल के बाद बिजली कनेक्शन काट देने के बाद चोरी से बिजली जलाने के आरोप में रजौली के हरदिया के पांच लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई।

चोरी से बिजली जलाने के आरोप में शनिवार की शाम रजौली के हरदिया में बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद ने बिजली कर्मियों के साथ छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में पांच लोगों को चोरी से बिजली जलाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। बिजली चोरी करने के आरोप में पांच अलग–अलग लोगों पर अलग–अलग जुर्माना किया गया है।

बिजली विभाग के जेई भुनेश्वर प्रसाद ने बताया कि रजौली के हरदिया निवासी सुधीर राजवंशी की पत्नी रिंकू देवी पर ?21584 रुपया, हरदिया निवासी अर्जुन राम की पत्नी बेदमिया देवी पर ?34807 रुपया, जुगल सिंह की पत्नी सुगिया देवी पर ?18815 रूपया, बनवारी राजवंशी के बेटे महेंद्र राजवंशी पर ?30208 रूपया, कृष्णा राजवंशी की पत्नी लीला देवी पर ?28845 रुपया का जुर्माना किया गया है। जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर चोरी से बिजली जलाने वाले सभी लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

रजौली के बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि चोरी से बिजली जलाने वाले पकड़े गए सभी लोगों पर पूर्व से बिजली बिल बकाया था। लोगों द्वारा बकाया बिजली बिल नहीं देने के कारण बिजली काट दी गई थी। इसके बाद उक्त सभी लोगों द्वारा फिर से बिजली जोड़कर घरों में बिजली जलाई जा रही थी। सूचना मिलने के बाद शनिवार की शाम बिजली कर्मियों के साथ उक्त सभी लोगों के घरों में चोरी से बिजली जलाने को लेकर छापेमारी की गई। जिसमें उक्त सभी पांच लोगों पर चोरी से बिजली जलाने के आरोप में जुर्माना किया गया। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर उक्त सभी पांच लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। मौके पर मानव बल शशि भूषण कुमार, छोटू यादव, महेंद्र रविदास समेत अन्य बिजली कर्मी उपस्थित थे।

दरभंगा में भाजपा सांसद को फिर झेलना पड़ा जनता का आक्रोश लोगो ने सांसद को काला झंडा दिखाते हुए लगाया मुर्दाबाद का नारा

लोकतंत्र की आवाज

मुरारी झा

दरभंगा। बिहार के दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। जिसको लेकर नेताओ की चहल कदमी काफी बढ़ गई है। सभी दलों के नेता जनताओ के बीच जाकर अपना–अपना पक्ष रख रहे है। ताकि जनता उनको अपना मत देकर विजय बनावे। इस दौरान कई नेताओं को जनता का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

जिसमे दरभंगा के भाजपा सांसद सह प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर अपने बाइक से जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी दौरान मतदाता लोग काले झंडे लेकर उनके मुर्दाबाद का नारा लगाते दिख रहे हैं। इस वायरल वीडियो का पुष्टि हमारा चैनल नहीं करता है। वायरल वीडियो के संदर्भ में बताया जा रहा है कि यह वीडियो जिले के हनुमाननगर प्रखंड के गोढियारी गांव का है। जहां भाजपा के प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर अपने समर्थकों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वोटरो से जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी के दौरान कुछ लोग काले झंडे लेकर सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर गोपालजी ठाकुर मुर्दाबाद का नारा लगा रहे हैं। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि गोपालजी ठाकुर बिना रुके वहां आगे बढ़ गए। हांलाकि वीडियो में देखा जा सकता है कि वहां पर खड़े एक युवक नारेबाजी कर रहे लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उनकी बात मानने को कोई तैयार नहीं है। बताते चले की इससे पहले भी दरभंगा के भाजपा सांसद सह वर्तमान प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर इस प्रकार का विरोध कई बार हो चुका है।

इससे पहले गौरबौराम विधानसभा के बाथ मानसरा व बहादुरपुर विधानसभा के ब्राह्मण बहुल गाँव पंचोभ में गाँव वालों ने सांसद गोपालजी ठाकुर का घेराव कर दरभंगा एम्स निर्माण की ओर पहल ना करके शोभन स्थित एम्स निर्माण स्थल को लो लैंड, बाढ़ ग्रस्त इलाका कह कर वहाँ धरना प्रदर्शन किया और अपने सहयोगीयो से मंच गिरवा देने का आरोप लगाते हुए उनके द्वारा 5 वर्षो में दरभंगा में किये गए विकास कायो का हिसाब मांगा था।

संक्षिप्त खबरें ।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई चाकु बाजी बीच बचाव करने गए कलेक्शन एजेंट पर भी हमला एक की हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सहरसा में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया दो लोग जख्मी हो गए हालांकि एक की स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है। जिनको निजी नर्सिंग होम सहरसा में भर्ती कराया गया है। घटना बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरीख गांव वार्ड नंबर 6 की है। जख्मी का नाम संतोष मुखिया है। जो बिहरा थाना क्षेत्र के पुरीख गांव वार्ड नंबर 6 का रहने वाला है। जख्मी के भाई अशोक मुखिया ने बताया कि हम लोगों की जमीन पर बाउंड्री थी दूसरे पक्षो ने मेरे आंगन में ईंट गिरा रहा था जिसे हम लोगों ने विरोध किया इसी विरोध को लेकर राजेश मुखीया,बिरवल मुखिया,अशर्फी मुखिया,मनोज मुखिया,लड्डू मुखिया,राज मुखिया,शंभू मुखिया इत्यादि अन्य लोगों ने मेरे घर पर आकर चाकू से हमला कर दिया दो लोगों को चाकू लग गया वही प्रत्यक्षदर्शी किशोर मुखिया ने बताया कि हम बिजली के कनेक्शन एजेंट है। अशोक मुखिया के यहां बिजली का बिल कलेक्ट करने गए थे वहां लड़ाई हो रही थी राजेश मुखिया बीरबल मुखिया मनोज मुखिया सब मिलकर संतोष मुखिया को मार रहे थे जब हम बीच बचाव करने लगे तो हम पर भी चाकू से वार कर दिया वहीं सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया जमीनी विवाद में चाकू बाजी हुई है एक पक्ष जख्मी है। निजी नर्सिंग होम में भर्ती है। आवेदन अपर्याप्त हैं। पीड़ति के द्वारा बिहरा थाना में आवेदन दिया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी । वहीं घटनास्थल से बिहरा थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने दो लोग अशरफी मुखिया राज मुखिया को हिरासत में लिया है।

एनडीए का चुनाव कार्यालय का किया बिधीवत उदघाटन मंत्री रत्नेश सादा

लोकतंत्र की आवाज

देवेन्द्र कुमार, पतरघट। पतरघट मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का चुनाव कार्यालय का बिधीवत उदघाटन रविवार को बिहार सरकार के मधनिषेध मंत्री श्री रत्नेश सादा के द्वारा किया गया।इस उदघाटन समारोह के कार्यक्रम के अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष श्री राजकुमार साह एवं संचालन बिजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस बावत मंत्री ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए बताया की , सात म ई को होने बाले चुनाव में अपने एनडीए समर्थीत उम्मीदवार श्री दिनेश चन्द्र यादव को भारी मतो से बिजयी बनाने संकल्प लिया ,इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रुद्रानंद कुमार सिंह, पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष चन्द्रकिशोर यादव, पंकज रामकृष्णन यादव, महादलित प्रकोष्ठ जदयू जिअ गोबिन्द कुमार सादा,जदयू उपाध्यक्ष सुनील यादव, अंजनी कुमार सिंह, कुलदीप सादा,घनश्याम झा,बिजय यादव, लोजपा प्रखंड अ शेखर सिंह, अंतराम यादव, अनमोल यादव, बबलू यादव, बिकाश यादव, तेज नारायण मंडल, संजय कुमार एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धूप ने लोगों को घर से बाहर निकलना किया मुश्किल, लोगों है परेशान

लोकतंत्र की आवाज

बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र में हवा, चिलचिलाती धूप वलू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सुबह नौ बजे के बाद गर्म हवा चलना शुरू हो जाती है। तीखी धूप और लू के थपेड़ोंप ने लोगों को बेहाल कर दिया है। दोपहर में घर से बाहर निकलना लोगों को मुश्किल हो जाती है। शनिवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सुब– ह 9 बजे से ही गर्म हवा चलने लगती है। सुबह दस बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। सबसे बुरी दशा स्कूली बच्चों को होता है। स्कूलों में दोपहर में छुट्टी होने के बाद घर पहुंचने में काफी बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़के पर जब कुछ राहगीर निकलते हैं तो जगह–जगह राहगीर सड़क के किनारे पेड़ों तले छांव तलाशते नजर आते हैं। बढ़ते तापमान को लेकर लोग गर्मी में बेहाल हो जाते है। शरीर को झुलसा देने वाली धूप व गर्म हवा से बचने के लिए लोग घरों व दुकानों में कैद हो जाते है। बेहद जरूरी होने पर भी लोग घर से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझते है। इक्का दुक्का लोग यदि बाहर निकलते भी है तो सिर व चेहरे पर कपड़े से ढकें दिखाई देते है। प्रखंड के तेलियाहाट बाजार में शाम छह बजे के बाद लोग घरों से बाहर निकले तो थोड़ी बहुत रोनशन दिखाई देती हैं।

सीएम नीतीश का रानीगंज आगमन आज, एनडीए प्रत्याशी प्रदीप सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

लोक तंत्र की आवाज़

रानीगंज। सीमांचल का हॉट सीट 09अरिया संसदीय सीट पर भाजपा का कब्जा है। प्रदीप कुमार सिंह यहां से भाजपा के सांसद हैं और इस चुनाव में एन डी ए के प्रत्याशी हैं।एन डी ए प्रत्याशी प्रदीप सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को सूबे के सीएम नीतीश कुमार सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इधर अररिया लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित मतदाताओं, भाइयों, बहनों– माताओं एवं युवा नौजवान साथियों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह ने 29 अप्रेल दिन सोमवार को रानीगंज स्थित लालजी उच्च विद्यालय, रानीगंज के प्रांगण में सुबह 10:30 बजे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पधार रहे हैं, श्री सिंह ने सभी से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में सभा स्थल पर पहुंचकर अपने लोकप्रिय नेता का संबोधन सुनें ।

कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया यहां नहीं हैं, सभी भारत के नागरिक हैं, अबकी बार शाहनवाज : कारे शोएब

लोक तंत्र की आवाज़

अररिया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शाहनवाज आलम के पक्ष में अररिया लोकसभा में कई दिनों से लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे युवा राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विधान पार्षद कारे शोएब ने रविवार को एक होटल में प्रेस वार्ता को संबोधित किया ।

पत्रकारों से रू ब रू होते हुए जनाब कारे शोएब ने कहा देश के युवा परेशान हैं रोजगार नहीं है। किसान परेशान है सरकार के काले कानून के विरोध में किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ से अधिक किसानों की शहादत हुई , मणिपुर जल रहा है महिलाओं की नंगी परेड कराई जा रही है और प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन की बात करते हैं।

देश के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में बहुत अंतर है , उन्होंने पूछा कि आखिर प्रधानमंत्री किसी सभा में यह क्यों नहीं बता रहे कि उनके द्वारा जो 2014 में वादे किए गए थे दो करोड़ रोजगार देंगे , 15 लख रुपए खाते में आएंगे , 2022 तक किसानों की आय दोगुनी होगी , प्रधानमंत्री ने कहा था महंगाई पर नियंत्रण होगा , डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए के स्तर में सुधार होगा , लेकिन देश को पिछले 10 सालों में कुछ मिला तो वह सिर्फ तबाही नफरत और कुव्यवस्था।

वहीं बिहार में 17 साल तक सरकार में रहने के बाद भी भाजपा ने कुछ नहीं किया जबकि हमारे 17 महीने के सरकार में साढ़े पांच लाख युवाओं को रोजगार मिला , सवा लाख कर्मचारियों की स्वास्थ्य विभाग में बहाली का काम अंतिम चरण में था जब सरकार बदल गई, हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिका तालिमी मरकज के साथी हों या टोला सेवक सबकी चिंता की ।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान लोगों ने बताया कि अररिया के सांसद कभी क्षेत्र में नहीं आए ,कोई विकास नहीं किया, बस दिल्ली में ही प्रवास करते रहे , सभी जाति धर्म के लोगों में उनके प्रति काफी नाराजगी है और लोग राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम को रिकॉर्ड वोट से जीताने का मन बना चुके हैं इस क्षेत्र में बाढ़ की विकराल समस्या है , रोजगार के संसाधन नहीं है फलतः लगातार लोग पलायन और प्रवासी मजदूर बनने को लाचार हैं

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा सीमांचल के गांधी मरहूम जनाब तस्लीमुद्दीन साहब के नक्शे कदम पर चलने वाले उच्च शिक्षित शाहनवाज आलम जी जब यहां के सांसद होंगे तो यहां की समस्या सदन में गूंजेगी और दो चरणों के चुनाव का रुझान बता रहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।सरकार बनने के बाद सबसे पहले बाढ़ की समस्या का समाधान होगा अररिया में इंजीनियरिंग मेडिकल कॉलेज खुलेंगे उधोग लगेंगे युवाओं को यहीं रोजगार के अवसर मिलेंगे

पत्रकारों द्वारा प्रधानमंत्री के बांग्लादेशी घुसपैठियों को भागाने वाले बयान पर पूछे गए सवाल के जवाब में विधान परिषद ने कहा प्रधानमंत्री जी उल जलूल भाषण देते हैं कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया यहां नहीं हैं ,सभी भारत के नागरिक हैं

अगर कोई घुसपैठिया है तो प्रधानमंत्री जी बताएं कि 10 साल से उसकी सरकार क्या कर रही थी , प्रधानमंत्री के पास गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है इसलिए अब वह हिंदू मुस्लिम के बीच नफरत फैला कर चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं जबकि जनता उनके झूठे वादे और जुमले सुन सुन कर आजिज आ चुकी है इसलिए प्रधानमंत्री के फारबिसगंज कार्यक्रम में बिल्कुल भी जनता ने कोई रुचि नहीं ली।

इस मौके पर बिहार प्रदेश युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह नरपतगंज विधानसभा के पूर्व विधायक दयानंद यादव के सुपुत्र डा. राकेश रोशन,राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव , जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास , अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश आनंद , जिला उपाध्यक्ष हाजी सरवर आलम जी, अररिया प्रखंड प्रमुख भाई हाजी अब्दुल हन्नान, जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू , अररिया प्रखंड अध्यक्ष भाई नसीम जी , पूर्व विधायक आनंदी यादव के सुपुत्र अभिषेक आनंद , बबलू झा जी, अंशु यादव जी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

अग्निशमन वाहन चालक के साथ मारपीट मामले में 6 के खिलाफ प्राथमिक दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के धबौली दक्षिणी टेकनमा में बीते दिन गुरुवार को गैस फटने से घर में आग लगी थी आग बुझाने अग्निशमन वाहन पहुंची थी जहां पर कुछ शरारती तत्वों के द्वारा वाहन चालक के साथ मारपीट किया गया अग्निशमन वाहन चालक सौर बाजार में ग्रिहरक्षक गजेंद्र यादव ने पतरघट थाना में आवेदन देकर 6 लोग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया दिए गए आवेदन में अग्निशमन वाहन चालक ने कहा कि गुरुवार की दिन सूचना पर सौर बाजार थाना से 2 :36 पर निकले और धांबोली दक्षिणी टेकनमा वार्ड नंबर 8 में 3 :10 पर पहुंचे पहुंचते ही आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था उसी क्रम में कुछ लोग के द्वारा धक्का मुखी गाली गलौज करने लगा और लाठी डंडे से गाड़ी को पीटने लगा जब हम बोले भाई आप लोग शांत रहिए वह लोग नहीं माने महाल चौकीदार के सामने हमको पीटने लगा और सरकारी कार्य में बाधा डालना शुरू कर दिया इस इस संबंध में थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज किया गया है बहुत जल्द सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा वही सीओ राकेश कुमार ने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं सीआई द्वारा 83 अग्नि पीड़ित परिवार की सूची दी गई है। उनके स्तर से सभी पीड़ितों का आधार कार्ड एवं बैंक खाता की छाया प्रति का मांग की गई है। सभी पीड़ति परिवार को सरकारी सहयोग के लिए जिला आपदा प्रबंधन को पत्राचार किया गया है। यथाशीघ्र राशन, कपड़ा, बर्तन के लिए प्रति परिवार 12 हजार रुपए के दर भुगतान किया जाएगा।

घास काटने की विवाद में महिला के साथ मारपीट, थाना में दिया आवेदन

लोकतंत्र की आवाज

- गांव के ही मुनीराम ठाकुन पर लगाया आरोप

पतरघट सहरसा संवाददाता। थाना क्षेत्र के पामा गांव में घास काटने को लेकर शनिवार हुई मारपीट में एक महि– ला जख्मी हो गई। परिजनों के द्वारा पतरघट पीएचसी में कराया गया भर्ती। डॉक्टर के द्वारा जख्मी का इलाज किया गया। गांव में घास काटने को लेकर हुई मारपीट में एक महिला जख्मी हो गई।

जख्मी माला देवी पति फुलचन सादा वाड नंबर 08 निवासी ने बताया कि घास काटने पामा बाध जिरवा पेट्रोल पंप के पीछे गई थी। वही जय नारायण ठाकुर पिता बोकू ठाकुर ने पहुँच कर गाली गलौज करने लगा इस दौरान उनके परिवार के अन्य लोग आकर मारपीट करने लगा। फूलचन सादा के पत्नी माला देवी ने गांव की मुनीराम ठाकुर पिता जयनारायण ठाकुर परशुराम ठाकुर सनोज ठाकुर सोनू कुमार सहित के विरूद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दी है। थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन पीड़ति के द्वारा दिया गया है जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

अररिया से हैट्रिक लगेता प्रदीप सिंह,पूरी दुनिया क रहल अछि पीएम मोदीजीक तारीफः स्वराज बाबू

लोकतंत्र की आवाज



अररिया। जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के चर्चित जमींदार फैमिली से आने वाले बलुआ ड्योढी के वरीय भाजपा नेता सह पूर्व विधायक पूर्व एम एल सी दिवंगत मयानंद ठाकुर के भातिज चेत नारायण ठाकुर ने दावा किया कि अररिया में इस बार भी भाजपा का परचम लहड़ेगा और रिकॉर्ड मत से बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह जीतेंगे और इस बार केंद्र की सरकार में वो कैबिनेट मिनिस्टर भी बनेंगे। इस बार अल्पसंख्यक समुदाय भी भाजपा को वोट देंगे।

स्वराज बाबू ने कहा कि देश ही नहीं पूरी दुनिया के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं। पूरी दुनिया इनकी तारीफ कर रही है। दुनिया के टाप टेन देश इनको सलाम करता है। उन्होंने कहा कि फारबिसगंज के हवाई अड्डा मैदान में पीएम की जनसभा में उमड़ी भीड़ का नजारा बता रहा है कि अररिया से हैट्रिक लगेता प्रदीप सिंह,पूरी दुनिया क रहल अछि पीएम मोदीजीक तारीफ कहा ।नरेंद्र मोदी काम में कोई भेदभाव नहीं करते हैं। चाहे कोरोना का टीका हो, आयुष्मान कार्ड, राशन या फिर अन्य केंद्रीय योजना। इसका लाभ सबको दिया गया है। उन्होंने अररिया से प्रदीप सिंह जीताने की अपील करते हुए कहा कि किसी को भ्रम में नहीं आना है। गरीब के बेटा को सांसद और प्रधानमंत्री बनाएं। एक बार मोदी सरकार। कहा प्रदीप सिंह को वोट देकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाइए।

स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए जिला प्रशासन की सभी टीमें चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ कर रही कार्य

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों के अनुरूप बनाए गए विभिन्न चेकपोस्ट द्वारा की जा रही सघन जांच के दौरान पतरघट थाना क्षेत्र के कहरा मोड़ पर जांच टीम को देख कर एक बाइक पर सवार दो व्यक्तियों द्वारा एक सफेद रंग के बोरी को फेंक कर भागने का प्रयास किया गया। चेकपोस्ट पर तैनात दण्डाधिकारी अरविंद कुमार तथा पुलिस पदाधिकारी राहुल रौशन की टीम द्वारा त्वरित प्रति– क्रिया करते हुए बाईक सवारों का पीछा किया गया। परंतु दोनों संदिग्ध भागने में सफल रहे।

इस कार्यवाही में तैनात पुलिस पदाधिकारी राहुल रौशन को चोट लग जाने का फायदा उठा कर दोनों सी– दग्ध भाग निकले परंतु उनके द्वारा लाए जा रहे देशी शराब को जब्त करने में निगरानी दल को सफलता प्राप्त हुई। व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदा– धिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर जब्त किए गए देशी शराब की अनुमानित मात्रा तीस लीटर के आसपास है। जिसे मद्यनिषेध विभाग को सुपुर्दगी की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन पदा– धिकारी सह जिलाधिकारी सहरसा के द्वारा निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर पूर्ण निगरानी रखते हुए जब्ती तथा गिरफ्तारी की कार्यवाही अपनाने का सख्त निर्देश है। किसी भी परिस्थिति में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सहरसा की सभी टीमें चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही हैं।

लोग प्रदीप कुमार सिंह जी को अपना वोट देंगे तो आपका हर एक वोट पीएम मोदी जी को मजबूत करेगाः पूर्व सीएम

प्रदीप कुमार सिंह के कार्यकाल में जो विकास की गति मिली हैं वो बहुत ही सराहनीय हैः मंगल पांडे

लोकतंत्र की आवाज

महथावा बाजार से लौटकर डा. रूद्र किंकर वर्मा

लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मी तेज हो गई है। आने वाले 7 मई को तीसरे चरण में अररिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होने है। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। अररिया से एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में रविवार को नरपतगंज अंतर्गत भरगामा प्रखंड के महथावा दरबारी उच्च विद्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जितन राम मांझी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने अररिया से एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में सुबह ग्यारह बजे जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए जितन राम मांझी ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव है। अबकी बार चार सौ के पार का नारा पीएम मोदी की तरफ से दिया गया है। बिहार की सभी 40 सीटें देने का वादा उनसे हमलोगों ने किया है। इसे लेकर हमलोग अपने– अपने क्षेत्रों में लगे हुए हैं। इस दौरान मांझी ने लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील की। मांझी ने कहा कि यहां के लोग प्रदीप कुमार सिंह जी को अपना वोट देंगे तो आपका हर एक वोट प्रधानमंत्री मोदी जी को मजबूत करेगा।

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे अपने संबोधन में कहा कि 7 मई को अररिया में होने वाले तीसरे चरण के मतदान के दिन आप सभी लोग कमल के चुनाव चिन्ह पर अपना मतदान करें। आज अररिया में प्रदीप कुमार सिंह के कार्यकाल में जो विकास की गति मिली हैं वो बहुत ही सराहनीय है। प्रदीप जी से अररिया को समृद्ध व विकसित बनाने को लेकर हमेशा से प्रयासरत है। प्रदीप जी को दिया जाने वाला आपका हर एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी को मजबूत करेगी। प्रदीप जी ने जो विकसित व समृद्ध अररिया की परिकल्पनाएं है की वो साकार होगा।

सभा में उपस्थित जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि आपके द्वारा एनडीए को दिया गया हर एक वोट समृद्ध राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगी। जिस प्रकार से एनडीए की डबल इंजन की सरकार में बिहार में विकास को नई गति मिली हैं उसी प्रकार इसबार आपके द्वारा दिया गया हर एक वोट एनडीए को मजबूत करेगी। इन्होंने कहा कि मैं आप अररिया के लोगों से आग्रह करने आया हूं कि आप अपना वोट एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह जी को दें।

वहीं इस जनसभा के दौरान नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव, सिकटी विधायक विजय मंडल, फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, रानीगंज विधायक अचमित ऋषिदेव, एनडीए के सभी घटक दलों के जिला सांगठनिक पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहरसा में रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहरसा ईकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहरसा की ओर से स्थानीय सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय में चाट पेपर पर मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखकर छात्र– छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता किया गया। वहीं इस अभियान में प्रदेश सह मंत्री मनीष चौपाल ने कहा कि बताया कि हमें इस बार शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए।

जिससे हम देश का सही नेतृत्व करने वाले एक सच्चे और ईमानदार व्यक्ति को चुन सके हमें हर स्थिति में अपना मत का सही उपयोग कर अपना प्रतिनिधि चुनना है। हमारा एक वोट लोकतंत्र को सफल बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। वहीं नगर मंत्री अंशु ने कहा कि नव मतदाताओं को संकल्प दिलाया गया कि शत झप्रतिशत मतदान में पूर्ण सहयोग करेंगे और सभी को मतदान करें इसके लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया इस दौरान जिला संयोजक कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कहा की मेरा वोट पर्यावरण पूरक औद्योगिक विकास के लिए, आतंकवाद, माओवाद, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए होना चाहिए।

वही मुरारी कुमार ने कहा की मेरा वोट देश में युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए, देश को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए होना चाहिए। वहीं इस अभियान में अभाविप के वरूण गुप्ता, प्रिंस सिंह, दिवेश भारती, अभिषेक कुमार, आर्यन कुमार, लक्की सिंह, निरंजन झा, आनंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें ।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को लेकर जनसंपर्क अभियान

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू

पलामू। झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सिमरिया विधायक किशन दास के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद बिश्रामपुर छतरपुर विधानसभाओं के दर्जनों गांव सुपहा जमुआ झरगरा इमलिया टिकर हुसैनाबाद बिश्रामपुर के भलुही भंडार महागावा छतरपुर के खातिर खजूरी नदिया मदनपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री कृष्ण दास ने लोगों से अपील की 13 में को सभी लोग अपने–अपने वुथो पर जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान जरूर से करें नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं ताकि देश चौमुखी विकास की ओर अग्रसर रहे और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन सके। पलामू लोकसभा से विष्णु दयाल राम प्रत्याशी है इन्हें कमल फूल छाप पर मोहर लगाकर आप भारी मतों से विजयी बनाए और नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए यही आग्रह करने आप सबों के बीच में मैं आया हूं। जनसंपर्क अभियान में रंजन पासवान प्रभात कुमार रामेश्वर उरांव उर्फ छुटन पासवान रविंद्र कुमार कुमार गौरव सतीश कुमार रविंद्र यादव सागर पासवान कर्म पासवान बबन राम शिवकुमार भुइया सुरेंद्र राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

लोस चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी के लिए जन चौपाल आयोजित

लोक तंत्र की आवाज़

मोहनपुर। लोस चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए जन चौपाल का आयोजन मोहनपुर प्रखंड के चकरमा पंचायत के अराजी ढाबी एवं बुटुरूवाडीह गांव से शुभारंभ किया गया यह आयोजन कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस पार्टी ने संयुक्त रूप से 28 अप्रैल को चलाया।जिसमें आम नागरिक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए एवं महा गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने के लिए चर्चाएं की गई। जन चौपाल के दौरान 15 साल कार्यकाल की भी सांसद की चर्चा की गई कि इस क्षेत्र में कितने विकास हो पाई है एवं स्थानीय लोगों को कितनी नौकरी मिली है सभी जुमला है उनके बहकावे में इस बार नहीं आना है एवं महान गठबंधन प्रत्याशी को जिताना है।इस चौपाल में कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष नारायण कुमार यादव,झामुमों युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रोहित राव, झामुमो युवा प्रखंड सचिव रंजीत यादव, झामुमो चकरमा पंचायत सचिव प्रेम राव, प्रखंड युवा उपाध्यक्ष सिकंदर कुमार, मनीष अग्रवाल, शंकर दास, मो० अंसारी, मो० सोनू, हरिकिशोर तांती आदि लोग उपस्थित थे।

पांकी प्रखंड में चलाया गया मतदाता अभियान

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू

पलामू। पांकी प्रखंड मैं मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय में जागरूकता अभियान चलाया अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा मतदान से संबंधित जानकारी दिया । जिसमें बताया गया कि सभी मतदाताओं अपने बूथ में जाकर सुबह 7:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक मतदान करना है। साथ ही मतदान से संबंधित शपथ भी दिलाया प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने कहा कि मतदान के दिन सभी लोगों को बढ़–चढ़कर मतदान करना है साथ ही आम लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक भी करना है इस अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, बीपीएम रमेश प्रसाद त्रिवेदी, एफटीसी शिवकुमार, एडमिन राहुल कुमार, डीईओ जयंत कुमार, सीसी राजन कुमार, शाह जहांगीर, रोशन कुमार, संतोष गुप्ता, बैजू कुमार यादव, अजीत कुमार, आईपीआर विकास कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी, रीना देवी महिला समूह के सभी कैडर एवं संकुल के अध्यक्ष सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बरहरवा में नो एंट्री में भारी वाहनों के परिचालन से परेशानी

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। सुबह 6 बजे रात्रि के 10 बजे तक रिहायसी इलाके में भारी वाहनों की नो एंट्री बरहरवा नगर जहाँ लगातार स्थानीय नगरवासी व स्थानीय ग्रमीण भारी वाहनों की मनमानी ढंग से परिचालन को लेकर लोग परेशान थे,और लगातार लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग कर रहे थे वहीं अब नो एंट्री नियमों के अनुपालन को लेकर प्रसाशनिक रूपरेखा तैयार कर ली गई है,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखण्ड बिकास पदधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने भारी वाहनों के मनमाने ढंग से परिचालन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कड़ी हिदायत दी है कि रिहायसी इलाकों में भारी वाहनों के परिचालन पर सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक नो एंट्री नियमों का पूर्ण रुप से अनुपालन सभी वाहन संचालक करेंगे,अगर किसी भी भारी वाहन द्वारा नो एंट्री नियमों को बच्चों के आवागमन में हो रही परेशानियों के से भी निजात मिल सकेगी।

पाण्डेयपुरा में महारुद्र यज्ञ निमित्त ध्वजारोहण धूमधाम से संपन्न विशाल शिव चर्चा का आयोजन हुआ

ध्वजरोहन मे शामिल हुए भूतपूर्व विधायक जनार्दन पासवान

लोकतंत्र की आवाज

निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ

पाण्डेयपुरा(चतरा)। जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे आगामी महारुद्र यज्ञ के निमित्त आज यज्ञ स्थल पे ध्वजारोहण का कार्य किया गया जिसमे भूतपूर्व विधायक जनार्दन पासवान एवं पाण्डेयपुरा मुखिया रेनू देवी शामिल हुए।ध्वजारोहण से पूर्व गाजे बाजे के साथ क्षेत्र भ्रमण करते हुए क्षेत्र के सभी मंदिरो मे पूजणोपरांत ध्वजा लगाने का कार्य किया गया।

बताते चले की पाण्डेयपुरा मे नौदिवसीय महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया है जो 26 मई को कलश यात्रा से प्रारम्भ होगा जिसमे बरुन पूजन, पउचांक पुजन,मंडप प्रवेश,अरणी मंथन परिक्रमा,हवन पूजन के कार्य को करते हुए 3 जून को पूर्णाहुति भंडारा और विदाई के कार्योपरान्त महा रुद्र यज्ञ का समापन किया जायेगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरांत पाण्डेयपुरा मिडिल स्कूल मे विशाल शिवचर्चा का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो श्रद्धालुओ ने भाग लिया और एक से बढ़कर एक शिव भजन प्रस्तुत किये जिसे सुनकर शिवचर्चा मे आये भक्त झूम उठे। महारुद्र यज्ञ समिति के अध्यछ देवनन्दन प्रसाद ने बताया की बड़ी सौभाग्य की बात है की भगवान के आशीर्वाद से पाण्डेयपुरा मे यज्ञ होना निश्चित हुआ है और महारुद्र यज्ञ समिति के सदस्यो के साथ साथ ग्रामीण जनता की भी जिम्मेवारी बनती है की हमे सहयोग देकर इस विशाल धार्मिक कार्य की सफलता सुनिश्चित करे।उन्होंने ये भी कहा की ये देवो के देव महादेव का यज्ञ है और हम सभी को मिलकर इसे सफल बनाते हुए भगवान का आशीर्वाद जैसी अनमोल चीज़ का सौभाग्य प्राप्त करे।ध्वजारोहण कार्यक्रम मे मुख्य रूप सेअध्यक्ष देवनन्दन प्रसाद, सचिव विनोद तिवारी, अजीत तिवारी, राजेश प्रसाद, सुनील रजक, बीरेंद्र प्रसाद, सनोज यादव, श्रवण दास, धीरज कुमार, दिलीप प्रसाद, बसंत नारायण सिंह, अनुज तिवारी,बब्लू प्रसाद, अशोक समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।

गिरिडीह में यातायात सुधार को लेकर उत्कृष्ट कदम

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह झारखंड। एक बार किसी बुजुर्ग ने एक रूठे हुए बच्चे से कहा अभी मैं जो तुम्हें दे रहा हूं ले लो और बाद में ले लेना क्योंकि ज्यादा पानें की आस में कम को ठुकरा देना बेवकूफी है। एक वह भी समय था जब काफी सुलभ तरीके से ई रिक्शा या टोटो का ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जा रहा था परंतु उस वक्त किसी ने इस विषय को महत्व महत्व नहीं दिया, और आज की तारीख में बिना ड्राइविंग लाइसेंस के भी कई टोटो पकड़े गए।

आप ई रिक्शा कहे या टोटो दोनों का तात्पर्य है सुलभ यात्रा तथा सुलभ रोजगार भी हालांकि टोटो ने रिक्शा चालकों की रोजी–रोटी छीन ली परंतु इस क्षेत्र में उत्तम कोटि की रोजी रोजगार भी दी। बावजूद इसके इधर कुछ महीनो से टोटो आतंक जारी था जैसे काम उम्र के लड़कों द्वारा टोटो चालन, टोटो में अभद्र गाना का बजाना, ड्राइविंग सीट पर हमेशा दो लड़कों का बैठना, और इन लोगों के लिए ड्रेस का ना होना भी एक और असुरक्षात्मक कदम है। इन सरी बिंदुओं को जांचना बहुत जरूरी था और इस जांच के अंतर्गत जब 27.4.2024 को यातायात थाना द्वारा टोटो जांच शुरू की गई तो यहां लगभग हर बिंदु पर कमी थी।

यातायात थाना निरीक्षक श्री राजेंद्र प्रसाद महतो जी ने अपने दल बल के साथ जब जांच करना शुरू किया तो लगभग 40 टोटो पकड़ी गई, जिसमें कुछ ने फाइन देकर अपने टोटो को मुक्त कराया कुछ को सही पाया गया और लगभग 20 टोटो जप्त किए गए। फाइन में लगभग– 13000/– रुपए की राशि प्राप्त हुई। जो भी हो इस कार्य में यातायात थाना के पदाधिकारी एवं जवान सभी का कार्य सराहनीय है

बिचोलियों द्वारा सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है

लोकतंत्र की आवाज

बरहड़वा, साहिबगंज। जिले अंतर्गत बरहरवा प्रखंड के डाटा पड़ा गांव में इन दिनों सरकारी योजनाओं मे बिचौलियों द्वारा सरकारी राशि का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार डाटा पड़ा गांव में छोटा हरि मरांडी के घर से भोला सोरेन के घर तक बनाई गई नाली में बिचौलियों द्वारा किस तरह सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है यह देखने को मिलता है।

गौरतलब हो कि इस नाली को बने अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ है और नाली पूरे तरह कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है तकरीबन दो लाख की लागत से बने इस नाले में बिजोलिया द्वारा सरकारी राशि का किस प्रकार बंदर बाट किया गया है। यह इस नाले को देखने से ही पता चलता है इस नाले को देखकर लगता है की बिचौलिया द्वारा नाले के नाम पर महज खानापूर्ति कर सारी राशि का गबण कर लिया गया है।

पलामू के दर्जनों भाजपाई झारखंड मुक्ति मोर्चा में हुए शामिल

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू

पलामू । पलामू में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही दर्जनों भाजपा के नेता झामुमो में शामिल हुए। झामुमो पलामू के कार्यालय में हुए मिलन समारोह में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में सबों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। झामुमो की लोकप्रियता पलामू में लगातार बढ़ ही रही है साथ ही इससे इंडिया गठबंधन को भी इस चुनाव में मजबूती मिलेगी।

साथ ही ये भाजपा के प्रत्याशी के लिए सुखद संकेत नहीं है। झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा ₹सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार और उनके साथ आए सभी नेताओं का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है। आज भाजपा से सभी वर्ग निराश और हताश है, भाजपा की नकारात्मक राजनीति से आम आवाम परेशान है। भाजपा के राज में महंगाई आसमान में पहुंच चुकी है, दवाई, पढ़ाई से ले कर राशन तक सबके बढ़ते दाम से आम जनता त्रस्त है। आज हम सब लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, पलामू में भी भाजपा के सांसद दस सालों से सत्ता में हैं। उन्होंने वादा कर चुनाव तो जीत लिया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया है जिसे वो जनता के बीच बता पाएं। मंडल डैम एवं राजहरा कोलियरी का शिलान्यास भी हो गया लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं जुड़ पाया और न कोलियरी खोला गया ।पलामू में इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां चुनाव लड़ रही है, और इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीत रहा है।

झामुमो में शामिल होने पर सुनील कुमार और लव कुश कुमार ने खुशी जताते हुए कहा ₹झारखंड के माटी की पार्टी झामुमो में शामिल होने पर हमें काफी खुशी मिली है, भाजपा में हम सब ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। भाजपा के सांसद विधायक दस साल से सत्ता में हैं लेकिन जनता का कार्य करने में विफल हैं। झारखंड की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। भाजपा ने झारखंड के नायक श्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जिस तरह से षड्यंत्र रच कर उन्हें जेल भेजा उससे हम सबों में बहुत निराशा हुई है। साथ में राजकुमार, सोहन कुमार, अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, रामप्रवेश,छोटू सुनील कुमार, संजय राम, शुभम कुमार। राहुल कुमार, बलराम राम, सन्नी कुमार ,कुमार शुभम ,सुधाकर राज भी झामुमो में शामिल हुए।

पलामू एसपी से मिल कर न्याय की गुहार लगा रहे परिजन, रेहला थाना प्रभारी के द्वारा झूठा आरोप लगा गिरफ्तार किए जाने की कही बात

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू

- 3 अप्रैल को रेहला पुलिस के द्वारा आर्म्स एक्ट के मामले में अशोक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा
- न्यायालय में भी पिता के द्वारा की गई शिकायत

पलामू। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह व उनके परिजन पलामू एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। साथ हीं अपने पुत्र अशोक सिंह के उपर रेहला थाना प्रभारी के द्वारा घर से उठाकर ले जाने सहित सहित आर्म्स एक्ट का झूठा केस दर्ज कर जेल भेजने की बातें लिखा है। आवेदन में लिखा है कि 2 अप्रैल की रात लगभग 7–8 बजे अशोक सिंह उर्फ आर के रंजन सिंह अपने गांव स्थित किराना दुकान पर बैठा हुआ था।

उस वक्त गांव के हीं लालमुनी यादव, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र ठाकुर , राजाराम यादव व दिलीप सिंह भी साथ बैठे थे। जहां रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां बंदुक का भय दिखाकर जबरन अपहरण अशोक को साथ में ले गए। साथ जाने से इन्कार करने व चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी पहुंचे। सभी के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी नहीं सुने। आवेदन में आगे पिता ने लिखा है कि पुत्र अशोक सिंह को हत्या करने के उद्देश्य से सरकारी गाड़ी, सरकारी बंदुक व सरकारी पद का दुरूपयोग कर मेरा पुत्र को अपने साथ ले गए। आगे लिखा है कि वे पुत्र को खोजबीन के क्रम में विश्रामपुर थाना, नावाडीह ओपी व नावाबाजार थाना में गये। लेकिन मेरे पुत्र को पता नहीं चला। अगले दिन यानी 3 अप्रैल की सुबह 8.00 बजे पता चला कि रेहला थाना प्रभारी वगैरह ने झूठा रेहला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर जेल भेज दिए है। आगे लिखते हैं कि पूर्ण विश्वास है कि प्रशासन के द्वारा मेरे पुत्र को हत्या करने का कोशिश किया गया है। पिता सुरेश सिंह ने रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास, हवलदार खिलेश्वर साहु व आरक्षी 1866 देवी शरण राम के नाम पलामू एसपी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की बात लिखा है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में पिता सुरेश सिंह सहित समिति सदस्य प्रीति देवी, नंदू यादव जगन्नाथ मिस्त्री अशोक विश्वकर्मा राणा प्रताप सिंह दिग्विजय सिंह दिलीप सिंह मुन्ना सिंह निगम कुमार सिंह ललन सिंह लखपति सिंह सालिक सिंह भी कुमार नगीना सिंह सहित सैकड़ो लोगों का नाम शामिल हैं,इधर रेहला थाना के द्वारा 3अप्रैल को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि एनएच 75 स्थित कमता गांव के पास वाहनों की जांच 8 बजे लगभग चलाई जा रही थी। इसी बीच एक व्यक्ति पड़वा मोड़ की ओर से मोटरसाइकल से आ रहा था। पुलिस को देखकर वह वापस भागने का प्रयास करने लगा। उसके गतिविधि को देख संदेह व्यक्त करते हुए जवानों ने उसे पकड़ लिया। साथ हीं उसकी जांच की जांच के क्रम में उसके कमर से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।? मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर जेएच 03 एल 9003 है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र 36 वर्षीय अशोक सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार युवक के उपर पर आर्म्स एक्ट के तहत धारा 25 (1–बी) ए/26 थाना कांड संख्या 28/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बरहड़वा: पिकअप वैन व ऑटो में टक्कर, सात यात्री घायल

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहड़वा। कोटालपोखर मुख्य सड़क पर तुरसाटोला गांव के निकट रविवार को एक ऑटो व पिकअप वैन के बीच भिड़ंत हो गयी. इस घटना में ऑटो सड़क से नीचे उतर कर पलट गया, जिससे इसमें सवार कुल सात लोग घायल हो गए. घायलों में से दो लोगों को आनन–फानन में सीएचसी हिरणपुर तो बाकियों को सदर अस्पताल सोनाजोड़ी ले जाया गया. जानकारी के अनुसार टोटो में सवार होकर आधा दर्जन से ज्यादा लोग हिरणपुर के रामपुर जा रहे थे. इसी दौरान पिकअप वैन भी उसी दिशा से आ रहा था.

इस दौरान दोनों में टक्कर हो गयी, जिससे ऑटो में सवार बरहेट थाना क्षेत्र की कदमा निवासी मरजीना खातून (35) व रुकसाना खातून (40) भी घायल हो गयी. घायल का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया. वहीं घायल की स्थिति को देखते हुए दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. वहीं दो के अलावा अन्य घायलों का भी इलाज सदर अस्पताल में किया गया. जहां से किसी भी मरीज के रेफर करने की पुष्टि नहीं हुई है. उधर, सूचना मिलते ही थाना के एएसआई रवींद्र कुमार ने दल–बल के साथ मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को जब्त कर लिया. उन्होंने बताया की पुलिस घटना की जानकारी लेकर आगे की कारवाही कर रही है।

कार्यकर्ता मुझे माफ करें, लोकतंत्र में मारपीट का कोई स्थान नहीं : केएन त्रिपाठी

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू

- रांची में आयोजित उलगुलान रैली की घटना के बाद कांग्रेस प्रत्याशी राजद कार्यकर्ताओं से मांग रहे माफी
- भाजपा प्रत्याशी पर बोला हमला, कहा वो दिखाएं 1932 का खतियान मैं दिखाऊंगा 15 सौ का इतिहास

पलामू। भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के बनाए भारतीय संविधान को बदलना चाहती है। इसी चाहत में भाजपा 400 पार का नारा लगाकर तीन चौथाई बहुमत हासिल करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के चतरा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता कर कही।

उन्होंने कहा कि चतरा सहित राज्य के सभी 14 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी प्रचंड जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि रांची में आयोजित उलगुलान रैली में गठबंधन के कार्यकर्ता आपस में ही उलझकर मारपीट कर बैठे थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हाथापाई की कोई जगह नहीं है। यह घटना काफी निंदनीय है। इस घटना के लिए मैं खुद जिम्मेवारी लेते हुए तमाम राजद कार्यकर्ताओं से हांथ जोड़कर माफी मांगता हूं। महागठबंधन के सभी कार्यकर्ता हमारे अंग हैं। किसी एक अंग को तकलीफ होगी तो मुझे भी दर्द होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कार्यकर्ता मुझे माफ करेंगे और एक साथ खड़े होकर चुनाव में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को वह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में घटक दलों के प्रमुख नेता शामिल होंगे, भाजपा प्रत्याशी पर हमला बोलते हुए कहा कि नामांकन के समय हमारे संस्कार के ऊपर उंगली उठाई है, उन्होंने मुझे संस्कार सिखाया है। मैं उनका धन्यवाद करता हूं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि केबीसी में अमिताभ बच्चन ने एक सवाल पूछा था कि कौन सा ऐसा लोकसभा क्षेत्र है जहां आज तक स्थानीय प्रत्याशी चुनाव नहीं जीता हैं। इसलिए मैंने खुद को स्थानीय साबित करने के लिए भाजपा प्रत्याशी से 1932 का खतियान दिखाने की अपील की है। लेकिन उन्होंने आज तक मुझे अपना खतियान नहीं दिखाया। केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी मुझे अपना 1932 का खतियान दिखाएं। मैं उन्हें 15 सौ साल का अपना इतिहास दिखाऊंगा।

उन्होंने कहा कि मेरा और मेरे परिवार का चेरो राजवंश के साथ शतकों पुराना इतिहास रहा है। हम उनके राजपुरोहित हैं और उनका किला आज भी चीख–चीखकर हमारी और हमारे पूर्वजों के स्थानीयता का सबूत दे रहा है। महागठबंधन प्रत्याशी ने कहा की चेरो राजवंश के द्वारा तामपत्र पर हमें जो गांव मिला वह कई सौ साल पहले मिला, जिसका हम खतियानी हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में उलगुलान रैली में हुए विवाद के बाद कोई खाई नहीं है। हम सभी एक साथ हैं और मिलजुल कर चुनाव जीतने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

मुखिया प्रतिनिधि बरकत सेख व वार्ड सदस्यों ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहड़वा उधवा। प्रखंड के चांदशहर पंचायत के वार्ड संख्या पांच में ट्रांसफार्मर के जल जाने से पिछले कई दिनों से लोग बिजली की संकट से जूझ रहे थे। रविवार को समाजसेवी मिक्की शेख, हबीब शेख उर्फ बाबुल, जैनुल आबेदीन शेख,महबूब शेख, उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख,वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।

इस दौरान मिक्की शेख, हबीब शेख उर्फ बाबुल, जैनुल आबेदीन शेख,महबूब शेख, उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख ने बताया कि 63 केवी ट्रांसफार्मर से एक सौ से अधिक घरों को बिजली आपूर्ति की जा रही थी। क्षमता से अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया था। पिछले कई दिनों से लोग भीषण गर्मी में काफी परेशान थे। बिजली नहीं रहने से बच्चों के पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो गया था। लोग अंधेरे में रहने को विवश थे।ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा हम लोगों से की गई थी। ग्रामीणों की समस्या पर पहल करते हुए विभाग को आवेदन देकर शीघ्र ही 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर और जर्जर एलटी तार बदलने की मांग किया गया था। हालाकी ट्रांसफार्मर लग गया है,जल्द ही जर्जर तार भी लगा दिया जाएगा। कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना हम लोगों की पहली प्राथमिकता है। ग्रामीणों से जो वादा करते है उसे जरूर पूरा करते है। वही ग्रामीणों ने इसके लिए समाजसेवी का आभार प्रकट किया है। मौके पर बासेत शेख, केशरुल शेख, सनवार शेख, सरवर हुसैन, मोस्ताकिम उर्फ भदूआ, जहांगीर शेख, कालू शेख, रफीकुल शेख,अजरुल शेख, सेरफुल शेख, कैयूम शेख,जुम्मा शेख, राजेश शेख, नूरनबी शेख, जाजूल शेख , मस्कूर शेख, मजेद शेख,यूसुफ शेख, रबीउल आलम समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें ।

अपराध नियंत्रण को लेकर गया पुलिस ने चलाया विशेष छापेमारी एवं वाहन चेकिंग अभियान, जिले में विभिन्न कांडो में शामिल 49 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
राकेश कुमार मिश्रा (गया)

गया (बिहार)। एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर गया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस बात की जानकारी देते हुए एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान में डकैती के कांड, आर्म्स एक्ट के कांड, बलात्कार के कांड, महिला प्रताड़ना के कांड, चोरी के कांड, हत्या के प्रयास के कांड, वारंटी के कांड, शराब सहित अन्य गंभीर कांडों में कुल 49 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वही गया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया गयाएसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर गया जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसकी जानकारी गया के एसएससी आशीष भारती ने रविवार को प्रेस रिलीज जारी कर दी है। एसएसपी आशीष भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों से कुल ?1,57,500 रूपया का जुर्माना वसूला गया!

बदोपुर गांव में हुयी आगलगी में 300 बोझा गेहूं का फसल जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के चरकावां पंचायत के बदोपुर गांव में किसान द्वारिक प्रजापत उर्फ नंदू प्रजापत के गेहूं की बोझा में रविवार की अहले सुबह आग लग गई।आग की लपटे काफी तेज थी। देखते ही देखते खलिहान में रखा लगभग 300 बोझा जलकर राख हो गया। किसान ने बताया कि रविवार की अहले सुबह ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली। सूचना मिलते ही ग्रामीण पंकज कुमार, राकेश कुमार ,राहुल कुमार, मिथिलेश प्रजापत, सनी कुमार, पवन कुमार, दीप नारायण प्रजापत ,जीतन प्रजापत, सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे।लगभग एक घंटा के बाद काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि इस आग लगी की घटना में लगभग 300 बोझा गेहूं का फसल जलकर राख हो गया।

बिहपुर पुलिस ने मारपीट के आरोपी को भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। शुक्रवार को बिहपुर थाना क्षेत्र के जयरामपुर दो पक्षों में जम कर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है.जिसको जयरामपुर निवासी महिला मुनिया खातुन में बिहपुर थाने में मामला दर्ज कराया हैं .कांड अनुसंधान के क्रम में शनिवार को बिहपुर थाना पुलिस द्वारा प्रथामिक अभियुक्त मो.मोजिम अली साकिम नयाटोला बीरबन्ना थाना भवानीपुर से दारोगा अजीत कुमार द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

घनश्यामपुर में बिजली के शार्ट सर्किट से दो घर जलकर राख

लोक तंत्र की आवाज़

घनश्यामपुर। थाना क्षेत्र के बुढ़ेव इनायतपुर पंचायत के बाऊ में रविवार की सुहब बिजली के शार्ट सर्किट के कारण आग लगने से सैनी मंडल और सिमिंदर मंडल का घर सहित उसमें रखा भूसा जलकर राख हो गया। आग पहले सैनी मंडल के घर में लगी। आग लगने पर घर में रखे भूसा और अनाज जलकर राख हो गया । उस वक्त सभी लोग खेत में काम कर रहा था इसी दौरान आग की चिंगारी देख कर खेत से भाग जब घर आया तो देखा कि घर में आग लगा हुआ था वही स्थानीय लोगों के द्वारा बाकेट और डोल से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था लेकीन आज अपना विकराल रूप धारण करता चला गया घर के सामने नदी में दमकल लगा कर आग पर पाने देने का प्यार किया गया इतने में पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी में आग पर काबू पाया तब तक घर के अंदर रखे लड़की का समान और भूसा जलाकर राख हो गया।

छपरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (ब्यूरो चीफ)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने शनिवार को लोकसभा आम चुनाव से संबंधित तैयारियों को लेकर बैठक किया। सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। जहां भी इसमें कुछ कमियां हैं, उन्हें तत्काल दूर करने का निदेश दिया गया। सभी संबंधित सहायक निर्वाची पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में एक मई तक एक्शन टेकेन रिपोर्ट समर्पित करने का निदेश दिया गया।

शिक्षा विभाग के कनीय अभियंता को संबंधित प्रखंड में कैम्प करने को कहा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर वर्त्तमान कमियों को तत्काल दूर कराने का निदेश दिया गया। इसमें विद्यालय भवन में स्थित मतदान केन्द्र की कमियों को दूर करने हेतु शिक्षा विभाग के संबंधित कनीय अभियंता कार्रवाई करेंगे। चुनाव कार्य हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु चिन्हित विद्यालय भवनों में भी पेयजल, शौचालय एवं स्नानागार से संबंधित कमियों को प्राथमिकता से दूर करने को कहा गया।

जिन मतदान केंद्रों पर प्रतीक्षारत मतदाताओं के लिये अलग से कमरे या बरामदा उपलब्ध नहीं है, वहां टेंट के माध्यम से शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं मतदान कर्मियों को मतदान केन्द्रों पर भेजने एवं वापस लाने हेतु तैयार रुट

- सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

चार्ट के आधार पर उपयुक्त वाहन के प्रकार की फाइनल सूची अविलंब समर्पित करने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके आधार पर विभिन्न प्रकार के वाहनों की वास्तविक आवश्यकता मालूम होगी।

कार्मिक कोषांग को निर्वाचन के समय विभिन्न कार्यालयों, कोषांगों एवं मतदान के अतिरिक्त अन्य निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिये निर्वाचन कर्तव्य से मुक्ति हेतु न्यूनतम कर्मियों की सूची संबंधित पदाधिकारी से प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया। मतदान की तिथि से दो दिन पूर्व सभी मतदान केन्द्रों की सफाई सुनिश्चित कराने को कहा गया। मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल हेतु पानी के जार की व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर तैयारी करने को कहा गया।

बैठक में अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता लोक शिकायत, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

डीहवार बाबा प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा, हजारों भक्त हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के चरकावां निचला डीह में 26 अप्रैल को नव निर्माण मंदिर में डीहवार बाबा प्राण प्रतिष्ठा के बाद रविवार को भंडारा का आयोजन किया गया।अध्यक्षता कमिटी के अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह एवं संचालक चरकावां पंचायत के सरपंच दयानंद प्रसाद ने किया। डीहवार बाबा प्राण प्रतिष्ठा की अंतिम दिन भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय सिंह ,पूर्व जिला पार्षद अरविंद कुमार, चरकावां पंचायत के मुखिया सेराज अंसारी, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा ,राजद नगर अध्यक्ष डॉ योगेंद यादव, पंचायत समिति मंटू शर्मा, पूर्व मुखिया भोला चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह,अखिलेश्वर प्रसाद,राजेन्द्र कुमार राकेश,अरविंद कुमार,संतोष कुमार, विन्देश्वर यादव ,मंटू कुमार ,अशोक मेहता, रामाशीष यादव ,सुखेन्द्र यादव ,विकाश यादव,आनद कुमार ,उमेश शर्मा,सहित अन्य लोग शामिल थे।

कोरोना वॉरियर एसटीएफ कमांडो अजीत यादव का शहादत दिवस मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज– गोह पथ के मखदुमपुर में कोरोना वॉरियर एसटीएफ कमांडेंट अजीत यादव एवं उनकी माता अंजना यादव का तृतीय स्मृति शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता पिता उपेंद्र यादव एवं संचालन शिक्षक शत्रुघ्न कुमार ने किया। छोटा भाई विकास कुमार ने बताया कि कोरोना काल के समय एस टी एफ कैंप लखिसराय में रह रहे थे। इसी बीच इनके तीन चार साथी कोरोना से ग्रसित हो गए।

देख भाल करने के दौरान ये भी ग्रसित हो गये। और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। यह खबर सुन माता अंजना यादव की हार्ट अटैक से मौत हो गयी।उपस्थित लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया।और आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।और कहा कि शहीद अजीत यादव में देशभक्ति के साथ–साथ सामाजिक चेतना भी थी। उनका समर्पण ,देश सेवा एक मिसाल बन गया है। हम लोग इसे आदर्श मानते हैं। उपस्थित लोगों ने शहीद अजीत यादव के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। इस मौके पर जिला पार्षद शंकर यादवेंदु, जिला पार्षद विकास कुमार, पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि डा संजय यादव, पंस मन्टू शर्मा,राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, पूर्व जिला पार्षद अरविंद यादव, सत्येन्द्र यादव,भाजपा जिला किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, विनय गुप्ता, मनोज कुमार, नरेश यादव, जहानाबाद मुखिया अध्यक्ष हिरा लाल कुमार,रंजन कुमार ,विजय पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से वाजीब अधिकार पार्टी के प्रत्याशी होंगे अहमद हुसैन अंसारी

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत मशरक प्रखंड निवासी पूर्व शिक्षक अहमद हुसैन अंसारी ने वाजीव अधिकार पार्टी के टिकट ले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। मशरक पूरब टोला गांव में पूर्व शिक्षक के आवास पर वाजीव अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यानंद राम एवं अहमद हुसैन अंसारी द्वारा दर्जनों मीडिया कर्मियों के समक्ष प्रेस कन्फरेंस के माध्यम से महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र के आम आवाम जनता को अवगत कराया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यानंद राम ने बताया कि पूरे बिहार में हमारी पार्टी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जिसमें महाराजगंज भी शामिल है। वहीं महाराजगंज के प्रत्याशी अहमद हुसैन अंसारी ने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के जनता से अपील किया कि मुझे अधिक से अधिक वोट देकर संसद में पहुंचाने का काम किया जाय। मैं हर जाति मजहब को एक साथ लेकर चलने का काम करुंगा। वहीं जातीय गणना के बारे में चलते–चलते उन्होंने बताया कि पूरे बिहार में एक करोड़ 80 लाख (पसमंदा) अति पिछड़ा समाज के लोगों में से एक भी टिकट नहीं दिए जाने की वजह से वाजीव अधिकार पार्टी चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। मौके पर दर्जनों पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

बेगूसराय चालक सड़क दुघर्टना में अज्ञात चालक पर मामला दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। दयालपुर चौक के समीप हुई दुर्घटना में मृतक मोनू खान के भाई मोहम्मद फुल खान ने झंडापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण ट्रक और तेल टैंकर में टक्कर हुई जिसके कारण मेरे भाई मोहम्मद मोनू खान की मृत्यु हो गई.ज्ञात हो कि बिहपुर प्रखंड के झंडापुर थानान्तर्गत दयालपुर चौक के पास एनएच 31 पर ट्रक व तेल टेंकर में आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई.जिसमें तेल टेंकर के खलासी की मौत हो गई.

जबकि तेल टेंकर के चालक गंभीर रूप से घायल थे।जिसकी स्थिति नाजुक देखते हुए बिहपुर सीएचसी से डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया था.तेल टेंकर के मृतक खलासी की पहचान बेगूसराय जिले के देवना निवासी मोनू खान व घायल तेल टेंकर चालक की पहचान बेगूसराय जिले के बरौनी थानाक्षेत्र के पपरौल वार्ड नंबर 11 के मौलानाबाद निवासी अनवर के रूप में हुई है.मिली जानकारी के अनुसार टाईल्स लदा ट्रक नंबर आरजे 16जीए 5781 राजस्थान से भागलपुर जा रही थी.वहीं तेल टैंकलारी खगड़िया की ओर जा रही थी।मंगलवार की अहली सुबह लगभग चार बजे दयालपुर चौक के पास दोनों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई.जिसमें ट्रक सड़क किनारे ही पलट गया.ट्रक का चालक व खलासी को हल्की चोट लगी है.वहीं झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अज्ञात चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है.जांचोपरांत कार्रवाई कि जाएगी.

युवक की संदिग्ध परिस्थिती में मौत, परिजनों ने कहा-घर से बुलाकर की गई हत्या

लोकतंत्र की आवाज

राकेश कुमार मिश्रा (गया)

गया (बिहार)। जिले के परैया थाना क्षेत्र के कोस्डिहरा गांव में प्रेम कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि दिनदहाड़े बदमाशों ने घर से बुलाकर प्रेम यादव की हत्या कर दी। मृतक का शव गांव से 5 किलोमीटर दूर पड़ा था।

सूचना के बाद मौके पर परैया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजी है। मृतक के परिजनों का कहना है की हत्या करने वाला एक शख्स गांव का ही रहने वाला है तो दूसरा पास के गांव का रहने वाला है। वही दोनों युवक घर से प्रेम यादव को बुला कर ले गए थे। इस संबंध में परैया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार का कहना है कि प्रेम यादव की एक्सीडेंट में मौत होने की सूचना मिली थी। घटना स्थल पर जब पुलिस पहुंची तो मृतक के परिजन शव को अपने घर लेकर चले गए थे। इस वजह से पुलिस को मृतक के घर पर पहुंचने में देर हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्या या फिर एक्सीडेंट में प्रेम की मौत हुई है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा होगा।

कुलपति ने परीक्षा विभाग का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। शनिवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा का निरीक्षण किया। कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सत्यापन के लिए डिग्री को क्रमबद्ध तरीके से भेजा जाय। किसी भी सूरत में क्रम नहीं तोड़ा जाय।

उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी डिग्री सत्यापन के लिए आए उसकी तिथिवार सूची बनाई जाय और इसके लिए एक रजिस्टर का संधारण किया जाय और उसमें प्रतिदिन अद्यतन इंट्री सुनिश्चित की जाय। इस दौरान कुलपति के साथ कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार भी उपस्थित थे। कुलपति ने विश्वविद्यालय आए कुछ छात्र–छात्राओं की समस्याओं की भी जानकारी ली और उनके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कई बंद कमरों को खुलवाकर देखा और उनकी साफ–सफाई कर उन्हें उपयोग में लाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुलपति ने कहा कि स्नातक परीक्षा वर्ष 2005, मई 2006, दिसंबर 2006, 2007, 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2018 तथा 2019 की डिग्रियां छपकर तैयार कर ली गईं हैं। साथ ही स्नातकोत्तर वर्ष 2006, 2007, 2008, 2011, 2012, 2015, 2018 तथा 2019 की डिग्रियां भी छपकर तैयार हो गईं हैं। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर में इन सभी डिग्रियों को अंतिम रूप से तैयार कर वितरित कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि डिग्री सेल के बाहर इस आशय की सूचना लिखित रूप में चस्पा कर दी गई है। उन्होंने संबन्धित वर्षो के छात्र–छात्राओं से अपील किया कि तैयार होने के बाद वे इन डिग्रियों को विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लें। कुलपति ने जोर देकर कहा कि छात्रहित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वे हरसंभव कदम उठाएंगे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।